खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शनिवार 7 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 287 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

ईद-उल-अज़हा के मौके पर सभी देशवासियों को



दिली मुबारकबाद

- सम्पादक


## अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़हा के मौके पर 7 जून को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 9 जून 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# घर व कार ऋण होगा सस्ता@रेपो दर में कटौती

मुंबई, वार्ता



- दरों में लगातार तीसरी बार कटौती का ऐलान
- जून पॉलिसी में 50 BPS की कटौती की घोषणा
- रेपो रेट 6 से घटकर 5.5 फीसदी पर आया

**भारतीय रिजर्व** बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी। इस

-शेष पृष्ठ दो पर

## सीआरआर में एक प्रतिशत की कटौती

- बैंकिंग प्रणाली में आएंगे 2.5 लाख करोड़

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी।

## नीट-पीजी परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) को मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025, तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की शुक्रवार को अनुमति दी।

सुप्रीम कोर्ट ने संस्था की दलीलें सुनने के बाद अर्जी स्वीकारी



न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने एनबीई की याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने इस संस्था की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की उसकी अर्जी स्वीकार कर ली। इससे पहले 30 मई को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने अदिति और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनबीई को 15 जून को पूर्व निर्धारित दो की बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया था।

## ब्रिक्स देश 'जीरो टॉलरेंस' की आतंकी नीति पर सहमत, भारत को सौंपी अध्यक्षता

**नई दिल्ली/ ब्राजीलिया।** ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति पर सहमति जताई है। ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत सहित 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स संसदीय फोरम का 12वां सम्मेलन भारत में होगा इसलिए सम्मेलन के अंतिम दिन श्री बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई है।

## जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्ने का फोन आने से प्रसन्न हूं। मैंने उन्हें हाल के चुनावों में मिली विजय के लिए बधाई दी।

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: हमने पाक पर कयामत बरसा दी

श्रीनगर, वार्ता



- पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन
- अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी भी दिखाई

**पीएम मोदी ने** शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया।

इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है, जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपये हैं। पीएम मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है, जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। पीएम मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। नार्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपये है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा। आजादी के 77 साल बाद भी कश्मीर बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाता है।

# मोदी ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाएंगे: उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, वार्ता

### कहा: जो अंग्रेज नहीं कर पाए, प्रधानमंत्री ने कर दिखाया, कश्मीर बाकी देश से जुड़ा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फिर से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

रेल प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि मोदी साहब इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। कश्मीर को बाकी मुल्क के साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वो पूरा नहीं कर पाए। आज जो काम अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए, आपके हाथों पूरा हुआ। कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में कई रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया गया था। 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, तब भी यही चार लोग (पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह) यहां मौजूद थे। आप पहली बार पीएम बने थे और यहां आए थे। उस समय हमारे गवर्नर साहब रेल राज्य मंत्री हुआ करते थे। माता की कृपा से उनका प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन हुआ। मैं राज्य का मुख्यमंत्री था, अब केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि ज्यादा समय नहीं लगेगा। आप (पीएम मोदी) ही के हाथों से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं वाजपेयी साहब को इस मौके पर शुक्रिया नहीं करूं, तो यह बड़ी भूल होगी। इस प्रोजेक्ट की बुनियाद 1983-84 में उन्हीं ने रखी थी। उमर ने बताया कि मैंने पिछले दिनों मीडिया को हंसते हुए कहा था कि जब ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ मैं 8वीं क्लास का बच्चा था। आज मेरी उम्र 55 हो चुकी है, मेरे बच्चे भी कॉलेज पास कर चुके हैं। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ। यह तब हुआ जब वाजपेयी साहब ने प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया। बजट में इसका प्रावधान दिया।



## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर निवासी जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल, जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है, को कनाडा के सरे शहर में गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सूचना के आधार पर हुई है या कनाडाई पुलिस ने स्वतंत्र रूप से यह कार्रवाई की है, लेकिन इतना तय है कि जीशान इस समय कनाडा पुलिस की हिरासत में है और इस गिरफ्तारी को केस में बड़ी सफलता माना जा रहा है। जीशान पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने और घटना के पीछे मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। भारतीय एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश में थीं।




# समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं: हाईकोर्ट

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने दो महिलाओं को परिवार की तरह साथ रहने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं है, समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायणन की बेंच एक महिला की रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला का कहना था कि उसकी पार्टनर को परिवार वालों ने जबरन घर में कैद कर दिया है और उससे मिलने नहीं दिया जा रहा।

- कहा: शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं, महिला को पार्टनर के साथ रहने की परमिशन



कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि महिला को जबरन उसके घर ले जाया गया और पीटा गया। उसने हमें बताया कि उसके परिवार के सदस्यों ने कुछ खास रस्में करने के लिए मजबूर किया ताकि वह सामान्य हो जाए। 17 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से मना कर दिया था। 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ इस साल 13 पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल की गई थीं। कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

## मासूम के साथ हैवानियत करने वाला दरिंदा ढेर

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र में ढाई साल की मासूम के साथ बलात्कार के आरोपी दीपक को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर एक संक्षिप्त मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि ऐशबाग क्षेत्र के निवासी दीपक वर्मा ने चार और पांच जून की रात एक मासूम के साथ दरिंदगी की थी जब वह अपने माता-पिता के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सो रही थी कि आरोपी सफेद रंग की स्कूटी से आया और चुपचाप मासूम को उठाकर ले गया। उसने मेट्रो स्टेशन के पास ही दुष्कर्म किया और बालिका को लहूलुहान हालत में छोड़ कर भाग निकला था।

# जेटली को बताकर जेनेवा गया था: माल्या

**नई दिल्ली।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया कि देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहे हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।



- कहा: पासपोर्ट रद्द हुआ, तो लौट नहीं पाया, भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार

माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे चोर क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई, वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं। माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं, जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है। कारोबारी और पूर्व सांसद विजय माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच 2016 में भारत से यूके भाग गए थे। 5 जनवरी 2019 में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया। माल्या बोले मैं देश छोड़ने से पहले तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिला था। मैंने जेटली से कहा कि मैं जेनेवा में, एफआईए वर्ल्ड काउंसिल मीटिंग के लिए जा रहा हूं, मैं वापस आऊंगा






## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल का सपना पूरा: एम वेंकैया

**नई दिल्ली।** पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू करने से कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क सपना पूरा हो गया है। नायडू ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक स्वागत योग्य घटनाक्रम में, पीएम नरेन्द्र मोदी ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू की हैं, जो कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में सतही संपर्क सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से और लाखों देशवासियों के लिए यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क के बचपन के सपने के पूरा होने का प्रतीक है।

### ट्रेन संपर्क स्वागत योग्य : मीरवाइज

**श्रीनगर।** हुर्रियत के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ का स्वागत किया, लेकिन यह केवल ट्रेन संपर्क है जबकि मानव संपर्क इससे अधिक महत्वपूर्ण है। राजधानी श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में आज आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मीरवाइज ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वाकई दिलों की दूरी को कम करना चाहते हैं, जिसका जिक्र वे अक्सर अपने भाषणों में करते हैं, तो ऐसे मानवीय कदम ही असली रास्ता हैं। ट्रेन संपर्क का स्वागत है, लेकिन मानवीय संपर्क ही वास्तव में मायने रखते हैं और टिकते हैं। मीरवाइज ने सद्भावना के तौर पर ईद-उल-अजहा पर कैदियों को रिहा करने का आह्वान किया और कहा कि जम्मू कश्मीर में हजारों परिवारों के लिए ईद का त्योहार खुशी से ज्यादा दर्द लेकर आता है

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग अभियानों के दौरान एक उग्रवादी संगठन के अध्यक्ष समेत आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यूपीपीके (यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक) के तीन कार्यकर्ताओं (जिनमें संगठन का अध्यक्ष भी शामिल है) को इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत घारी माखा लेइकाई इलाके से पकड़ा गया। यूपीपीके के अध्यक्ष की पहचान कोंथौजम होमेश्वर के रूप में हुई है। इस दौरान दो 45 एमएम पिस्तौल, एक एम-20 पिस्तौल, बंदूक के लाइसेंस बरामद किये गए।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में 12 लाख केस पेंडिंग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमो का अंबार लगा है। अगर सभी 87 जज बगैर छुट्टी लिए भी सुनवाई करें, तो सभी मुक. दमों को निपटाने में 38 साल लग जाएंगे। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है जजों के खाली पड़े पद हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में 160 जजों के स्वीकृत पदों के विपरीत केवल 87 जज ही काम कर रहे हैं। अब भी 73 पद खाली पड़े हैं, जिसका परिणाम है कि अभी तक 12 लाख मुकदमे पेंडिंग पड़े हैं। ऐसे में न्याय की आस लिए आने वाले आम आदमी की उम्मीदें कोर्ट की चौखट पर दम तोड़ रही हैं। मई में कुल 37,932 केस दायर हुए थे।

# अमेठी बनेगा यूपी का पहला डिजिटल अभिलेखागार जिला

**अमेठी, वार्ता**

■ **सभी रिकॉर्ड रहेंगे सुरक्षित: जिलाधिकारी**

**उत्तर** प्रदेश का अमेठी जल्द ही राज्य का पहला डिजिटल रिकॉर्ड अभिलेख वाला जिला बन जाएगा जहां जिले के सभी पुराने राजस्व अभिलेखों को स्कैन कर डिजिटल स्वरूप में संरक्षित किया जा रहा है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यूपी में राजस्व अभिलेख राजस्व अभिलेखागार में ही मिलते है। जब राजस्व अभिलेख पुराने हो जाते है, तो कागज धीरे धीरे मृत प्राय: हो जाते है। ऐसे में अभिलेख मिल पाना काफी मुश्किल हो जाता है। इन तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिला अधिकारी अमेठी संजय चौहान ने एक यूनिक तरीका अपनाया है। इसके लिए राजस्व अभिलेखों को डिजिटल कर उन्हे संरक्षित करने की दिशा में काम अमेठी में चल रहा है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब सभी अभिलेखों को स्कैन कर एक विशेष सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। इससे न केवल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर इन्हें आसानी से खोजा जा सकेगा। डीएम ने एक ऐसे सॉफ्टवेयर की मदद लेने को कहा है जिससे कि संबंधित अभिलेख परिवर्तनों के अनुसार अपडेट भी होते रहे। यूपी का अमेठी डेढ़ दशक पूर्व 72वे जिले के रूप में अस्तित्व में आया था। जिले के पास अभी तक अपना अभिलेखागार भी नहीं बन पाया है जिसके चलते प्राचीन अभिलेखों के लिए जनपद वासियों को पड़ोसी जनपद सुलतानपुर जाना पड़ता है।

# अमेरिका मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **एक स्वतंत्र एवं संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान: अरशद मदनी**

**नई दिल्ली।** इज़राइल और हमास के बीच तत्काल, व्यापक और स्थायी युद्ध विराम, मानवीय सहायता की तुरंत पहुंचे और गाज़ा में मूल अधिकारों की बहाली के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 में से 14 सदस्यों द्वारा गाज़ा में युद्ध-विराम और मानवी सहायता से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव के समर्थन में वोट देने के बावजूद अमेरिका के वीटो पावर प्रयोग करने के कारण सुरक्षा परिषद यह प्रस्ताव पारित करने में विफल रहा।

गाज़ा में फिलिस्तीनियों पर इज़राइल के क्रूर शासकों की लगातार बमबारी और अत्याचार के खिलाफ स्थायी युद्ध विराम के प्रस्ताव पर अमेरिका के वीटो पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अध्यक्ष जमीअत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि 14 देशों ने यह अति उत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, परन्तु अमरीका ने इसका साथ नहीं दिया। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि गाज़ा की तबाही व बरबादी में अमेरिका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वह नंबर एक भागीदार है, अथवा वह यह चाहता है कि गाज़ा को मानव मुक्त करके यहां यहूदियों को बसाया जाए, लेकिन अल्लाह ने चाहा, तो ऐसा कदापि नहीं होगा। जमीअत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मानना है कि एक स्वतंत्र और संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान है। इन अकल्पनीय और खतरनाक परिस्थितियों में अमरीका और उसके राष्ट्रपति के क्रूर इज़राइल का अनुचित समर्थन अत्यंत शर्मनाक एवं निंदनीय है। मौलाना मदनी ने गाज़ा के लड़ाकों के साहस और बहादुरी को सलाम पेश करते हुए कहा कि अमेरिका, इज़राइल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण उन्मूलन चाहते हैं आज भी बुरी तरह विफल हैं। इस परिदृश्य को बाकी रखने के लिए नि:संदेह गाज़ा के लगभग एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीअत उलमा-ए-हिंद फिलिस्तीन के स्वतंत्रता सेनानीयों को अपनी हार्दिक संवेदना का आश्वासन दिलाती है और उनकी आज़ादी की मांग का पूरा समर्थन करती है। दुआ है कि अल्लाह तआला फिलिस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी मदद फरमाए, ज़ालिम ताक़तों और उनके समर्थकों को नष्ट और बर्बाद करे, आमीन।

# देश में असली जनगणना नहीं कराएगी सरकार: राहुल



**राजगीर ( नालंदा )।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद राहुल गांधी ने दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यकों को सावधान करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की राजग सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी। श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी क्योंकि जिस दिन उन्होंने ऐसा किया उसी दिन उनकी राजनीति समाप्त हो जाएगी। उन्होंने जाति जनगणना के दो मॉडलों को उल्लेख करते हुए कहा कि एक मॉडल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का और दूसरा मॉडल तेलंगाना का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के जाति जनगणना मॉडल के तहत अधिकारी बंद कमरे में बैठकर सवाल तैयार कर रहे हैं लेकिन सवाल तैयार करने वालों में दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज का एक भी व्यक्ति शामिल नहीं है। वहीं, तेलंगाना में जाति जनगणना कराने के लिए जिन लोगों ने सवाल बनाए उनमें दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक संगठन, उनके नेता, पत्रकार और बुद्धिजीवियों को शामिल किया गया था।

## योगी ने सूरजकुंड कॉलोनी में बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया

# आमजन की सुविधाओं को सरकार प्रयासरत

**गोरखपुर, वार्ता**



■ **अच्छी व्यवस्था को सभी को करनी होगी पहल**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना लोकप्रिय सरकार का दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुविधाओं और संसाधनों की व्यवस्था होना समस्या समाधान का भी मंच बनता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि आज के समय में समाज के अलग-अलग तबके के लिए उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं और व्यवस्थाएं देकर उनका जीवन आसान बना सकें।

योगी शुक्रवार को सूरजकुंड कॉलोनी में बने शहर के दूसरे कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। यह कल्याण मंडपम नगर निगम की तरफ से 4-52 करोड़ रुपये की लागत से 35500 वर्गफीट क्षेत्र में बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नगर निगम प्रदेश का पहला नगर निगम है जिसने निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांग. लिक कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कल्याण मंडपम बनाने की पहल की। 11 से 25 हजार रुपये में यदि मांगलिक कार्य के लिए कल्याण मंडपम जैसा स्थल मिल जाए तो समारोह काफी आसानी, अच्छे और सस्ते में हो सकता है। इसके अलावा नगर निगम की तरफ से पांच और कल्याण मंडपम निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधायक निधि का पूरा पैसा कल्याण मंडपम के लिए दे दिया है। गोरखपुर नगर निगम जैसी संस्थाएं अन्य निकायों के लिए मानक बन सकती हैं। योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने स्मार्ट सिटी का जो विजन दिया है, उसे सेफ सिटी में भी बदलना है। हमें ऐसा शहर बनाना है जहां बेटी, व्यापारी, बच्चे, संभ्रांत समेत समाज का हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस कर सके, ताकि सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करने वाले जान लें कि उन्हें इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। सीएम ने नागरिकों को स्वच्छता और और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी अच्छी व्यवस्था के लिए पहल करनी पड़ती है और यह सामूहिक जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर सीएम ने पार्षदों से अपील की कि वे अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। सफाई की निगरानी इस समिति के जिम्मे हो और साथ ही समितियों को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से भी जोघ जाए। जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक बारिश, असमय बारिश और सूखा पड़ने के संकट की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संकट पूरे क्षेत्र को चपेट में लेते हैं। मानव जनित समस्या के समाधान का मार्ग भी मानव को ही बनाना होगा। सीएम योगी ने कहा कि क्लाइमेट चेंज की भयावह स्थितियों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाना होगा। उन्होंने पर्यावरण की समस्या के समाधान के पीएम मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम लगाने, नदियों के कैचमेंट एरिया में दोनों तरफ पौधरोपण करने का अनुरोध किया। आज गोड़धोइया को पुनर्जीवित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के दोनों तरफ पौधे लगाकर हम प्रकृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर सकते हैं। इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण के लिए 50 करोड़ नर्सरी तैयार है। सीएम ने घोषणा की कि 75 बेडेड वर्किंग वूमेन हॉस्टल अहिल्याबाई के नाम पर होगा।

## यूपी में 3235 नए लंबे व छोटे पुलों का होगा निर्माण, गांव तक बढ़ेगी कन्टेविटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी की सड़कों और पुलों को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में यातायात को बेहतर बनाने के लिए 3,235 नए लंबे और छोटे पुलों के निर्माण और मरम्मत की योजना बनाई है, जिसके लिए लगभग 28,346 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने इस योजना को साल 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। खासकर गांवों में जहां सड़कें और पुल टूटी हुई हालत में हैं, वहां फौरन काम शुरू किया जाए। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि 60 मीटर से ज्यादा लंबाई वाले पुलों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड करेगा। वहीं, 6 मीटर से 60 मीटर तक की लंबाई वाले छोटे पुलों का जिम्मा लोक निर्माण विभाग ने अपने हाथों में लिया है। इस योजना में नाबार्ड, राज्य योजना (ग्रामीण) और राज्य योजना (शहरी) जैसी तीन प्रमुख योजनाएं शामिल की गई हैं। इनके जरिए न केवल नए पुल बनाए जाएंगे, बल्कि पुराने और कमजोर पुलों की मरम्मत और चौड़ीकरण का भी काम होगा। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में पुराने पुल बरसात में बह जाते हैं या टूट जाते हैं। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। अब सरकार ने ऐसे पुलों को स्थायी रूप से मजबूत बनाने का फैसला लिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों की दिक्कतों को देखते हुए उन इलाकों में भी नए पुल बनाए जाएंगे, ताकि गांवों और शहरों का संपर्क हर मौसम में बना रहे। खास बात यह है कि जिन इलाकों में लोग अस्थायी पुल बना लेते हैं, वहां अब पक्के और मजबूत पुल बनाए जाएंगे। इससे किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को फायदा होगा।

# कोरोना मामलों की संख्या 5 हजार के पार

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ **पिछले चौबीस घंटे में चार और मरीजों की मौत मृतक संख्या 55 हुई**

**देशभर** में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ कुल सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 5364 पहुंच गई। अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 55 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के नौ राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों सबसे अधिक है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस अवधि के दौरान चार और मरीजों की जान चली गई। पिछले 24 घंटे में कोरोना के संक्रमण केरल में दो और कर्नाटक और पंजाब में एक-एक मरीज की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने और मास्क का इस्तेमाल करने को कहा गया है। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिए गए। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1679 केरल के हैं और दिल्ली में 592 दर्ज किये गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, महाराष्ट्र में 548, कर्नाटक में 451, तमिलनाडु में 221, उत्तर प्रदेश में 205, राजस्थान में 107, हरियाणा में 78, आंध्र प्रदेश में 62, पुडुचेरी और सिक्किम में 12-12, मध्य प्रदेश में 36, झारखंड में आठ, छत्तीसगढ में 24, बिहार में 37, ओडिशा में 23, जम्मू-कश्मीर में सात, पंजाब में 21, असम में 10, गोवा में आठ, सिक्किम में 12, तेलंगाना में पांच, उत्तराखंड में तीन, चंड़ीगढ़ में दो और हिमाचल प्रदेश एक सक्रिय मामले हैं। मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण को कोई मामला सामने नहीं आया है।

## अर्थ व्यापार

# रेपो दर में कटौती से बाजार ने भरी उड़ान

**मुंबई, वार्ता**



**भारतीय** रिजर्व बैंक के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवे. दनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188. 99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003. 05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिये गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। इससे बीएसई के 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स आठ प्रतिशत फिसलकर 81,434.24 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,140.11 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 82,299.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसो के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा पांच रिंगिट बढ़कर 3909 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-50 सेंट की तेजी के साथ 47-15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट (चम्पावत)

Office of Executive Engineer CD PWD Lohaghat (Champawat)

Ph-05965-234525/234725 Fax 05965-234525 E-Mail- eepwdlohaghat@gmail.com

निविदा सूचना संख्या: 825/1 ए0सी0 दिनॉक: 06/06/2025

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 लोहाघाट द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 24-06-2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक 17-06-2025 से 23-06-2025 तक किसी भी कार्य दिवस मे 10:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे सायं तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 24-02 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से पूर्वान्ह 12:00 तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1- कार्यालय का नाम - अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त, लो0नि0वि0, पिथौरागढ़,
2- कार्यालय का नाम - अधिशासी अभियन्ता नि0ख0, लो0नि0वि0, लोहाघाट,
3- कार्यालय का नाम - अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, चम्पावत।

| क0 स0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | एस0आर0एम0डी0 मद के अन्तर्गत मरोड़ाखान राइकोट जी0आई0सी0 लोहाघाट मोटर मार्ग के कि.मी 4 में क्षतिग्रस्त स्कपर के पुनर्निर्माण का कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 500.00 + 18% GST | 7900.00 | 30 दिन | 1 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 मार्ग कार्य में 'डी' एवं उच्चतर |
| 2 | वर्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में क्षतिग्रस्त जमाड, जमरेडी गधेरे में पुलिया मरम्मत का कार्य। (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 500.00 + 18% GST | 1800.00 | 30 दिन | 1 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 मार्ग कार्य में 'डी' एवं उच्चतर |
| 3 | मडलक सेलपेडू सुनकुरी मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त स्कपर के मरम्मत / पुनर्निमाण कार्य। AR/SDRF (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 500.00 + 18% GST | 9000.00 | 30 दिन | 1 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 मार्ग कार्य में 'डी' एवं उच्चतर |
| 4 | गंगनौला नराखोला से पोखरीबोरा मोटर मार्ग पर गाडकुडी नामक स्थान पर मोटर पुलिया स्पान 500 मीटर में हुई क्षतियों का पुनर्निर्माण / मरम्मत का कार्य AR/SDRF (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 1000.00+ 18% GST | 17000.00 | 30 दिन | 1 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 सेतु कार्य में 'डी' एवं उच्चतर |
| 5 | एस0एच0-10 लोहाघाट किमतोली मोटर मार्ग के कि.मी. 151 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुनर्निर्माण/मरम्मत का कार्य AR/SDRF (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | 500.00 + 18% GST | 6000.00 | 30 दिन | 1 माह | उत्तराखण्ड लो0नि0वि0 मार्ग कार्य में 'डी' एवं उच्चतर |

निविदायें दिनाँक 24-06-2025 को ही अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, लोहाघाट के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा की शेष शर्ते/नियम निविदा प्रपत्रों पर देखे जा सकते है।

**शर्ते**

1. उपरोक्त सभी निविदायें स्वीकृति की प्रत्याशा में लगाये जा रहे हैं। स्वीकृति प्राप्त न होने पर निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा अस्वीकृत किये जाने की दशा में निविदादाता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
2. धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/ टी0डी0ए0/ पोस्ट आफिस की एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 लोहाघाट के पदनाम बन्धक हो को संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर रू0 1.00 का रेवन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित जमा करना आवश्यक होगा (वैधता हेतु)।
4. उपरोक्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदा के साथ ठेकेदार को विभाग में पंजीकरण की प्रति भी संलग्न करनी अनिवार्य होगी।


## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घर व कार..** कटौती के बाद सीआरआर चार प्रतिशत से कम होकर तीन प्रतिशत रह जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि फरवरी 2025 से लगातार नीतिगत रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के बाद, मौद्रिक नीति समिति ने भी महसूस किया कि वर्तमान परिस्थितियों में, मौद्रिक नीति के पास अब विकास को समर्थन देने के लिए बहुत सीमित गुंजाइश बची है, इसलिए, समिति ने भी रुख को उदार से बदलकर तटस्थ करने का फैसला किया। अब से, समिति आने वाले आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी, ताकि सही विकास, मुद्रास्फीति संतुलन बनाने के लिए मौद्रिक नीति के भविष्य की दिशा तय की जा सके। उन्होंने कहा कि अप्रैल में एमपीसी की बैठक के बाद से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बारे में अनिश्चितता कुछ हद तक कम हुई है, क्योंकि अस्थायी टैरिफ राहत और व्यापार वार्ता के बारे में आशावाद है। हालांकि, यह भावनाओं को कमजोर करने और वैश्विक विकास की संभावनाओं को कम करने के लिए ऊंचा बना हुआ है। तदनुसार, बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वैश्विक विकास और व्यापार अनुमानों को नीचे की ओर संशोधित किया गया है। हाल की अवधि में बाजार में उतार-चढ़ाव कम हुआ है, इक्विटी बाजारों में सुधार हुआ है, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल में नरमी आई है, हालांकि सोने की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। गवर्नर ने कहा कि आर्थिक गतिविधि 2025-26 में गति बनाए रखना जारी रखती है, जिसे निजी खपत और निश्चित पूंजी निर्माण में वृद्धि का समर्थन प्राप्त है। निरंतर ग्रामीण आर्थिक गतिविधि ग्रामीण मांग के लिए अच्छा संकेत है, जबकि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार से शहरी मांग में पुनरुद्धार का समर्थन मिलने की उम्मीद है। उच्च क्षमता उपयोग, वित्तीय और गैर-वित्तीय कॉरपोरेट्स की बैलेंस शीट में सुधार और सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के मद्देनजर निवेश गति. विधि में सुधार की उम्मीद है। व्यापार नीति अनिश्चितता माल निर्यात की संभावनाओं पर भारी पड़ रही है, जबकि ब्रिटेन के साथ एफटीए का समापन और अन्य देशों के साथ प्रगति व्यापार गति. विधि का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पक्ष पर, सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूर्वानुमान और लचीली संबद्ध गतिविधियों के कारण कृषि की संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं।

सेवा क्षेत्र से अपनी गति बनाए रखने की उम्मीद है। हालांकि, लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार तथा मौसम संबंधी अनिश्चितताओं से उत्पन्न होने वाले प्रभाव विकास के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें पहली तिमाही 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 6-6 प्रतिशत और चौथी तिमाही 6-3 प्रतिशत होगी। श्री मल्होत्रा ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित प्रमुख मुद्रास्फीति ने मार्च और अप्रैल में अपनी गिरावट जारी रखी, जिसमें हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति अप्रैल 2025 में लगभग छह साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) पर आ गई। इसका मुख्य कारण खाद्य मुद्रास्फीति थी, जिसमें लगातार छठी मासिक गिरावट दर्ज की गई। ईंधन समूह ने अपस्फीति की स्थिति में उलटफेर देखा और मार्च और अप्रैल के दौरान सकारात्मक मुद्रास्फीति प्रिंट दर्ज किए, जो आंशिक रूप से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि को दर्शाता है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मार्च-अप्रैल के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण प्रमुख घटकों में नरमी की ओर इशारा करता है। रबी फसल के मौसम में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन से प्रमुख खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। सामान्य से अधिक मानसून की संभावना और इसकी जल्दी शुरुआत खरीफ फसल की संभावनाओं के लिए शुभ संकेत है। इसे देखते हुए, मुद्रास्फीति की उम्मीदें नरमी का रुख दिखा रही हैं, खासकर ग्रामीण परिवारों के लिए। अधिकांश अनुमान कच्चे तेल सहित प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में निरंतर नरमी की ओर इशारा करते हैं। इन अनुकूल पूर्वानुमानों के बावजूद, हमें मौसम संबंधी अनिश्चितताओं और वैश्विक कमोडिटी कीमतों पर उनके प्रभाव के साथ अभी भी विकसित हो रहे टैरिफ संबंधी चिंताओं पर सतर्क रहने की जरूरत है। सामान्य मानसून को मानते हुए और विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अब 3.7 प्रतिशत अनुमानित है, जिसमें पहली तिमाही 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# नैनीतालवासियों को धामी की सौगात

## मॉडल हिल स्टेशन के रूप में विकसित होगा नैनीताल: सीएम



■ मुख्यमंत्री धामी पहुंचे नैनीताल, विकास योजनाओं की लगाई झड़ी ■ मानसखण्ड मंदिर माला योजना, मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर, मेट्रो पार्किंग से लेकर नैनी झील तक कई घोषणाएं ■ सीएम धामी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को नैनीताल पहुंचे। प्रवास के पहले दिन उनका कार्यक्रम विकास योजनाओं की सौगात और खिलाड़ियों के सम्मान से भरपूर रहा। मुख्यमंत्री ने मल्लीताल में मानसखण्ड मंदिर माला योजना के तहत 1101 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया, जहां 12 नई दुकानों के निर्माण का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने मंच से एक के बाद एक कई बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि नैनीताल को एक मॉडल हिल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने डीएसए मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों को खेल किट वितरित की। साथ ही जिले के पदक विजेता व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में लतिका भंडारी, भूमिका जंतवाल, नितेश बिष्ट, निर्मल बिष्ट, अंश बिष्ट, कनिष्क जोशी, सूर्या पटेल, भाग्रवी रावत, श्रद्धा जोशी, कोमल, न्वया पांडे, वैभव सिंह पडियार, एसडीएम नवाजिश खलीक सहित कई अन्य नाम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्व. एन.के. आर्य स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया।

### सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे को लेकर की कई अहम घोषणाएं

**नैनीताल।** मां नैना देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 12 करोड़ रुपये स्वीकृत। आवश्यकता पड़ने पर राशि और बढ़ाई जाएगी। मानसखण्ड कॉरिडोर योजना के तहत मंदिरों के पुनर्विकास का कार्य तेजी से जारी। मल्लीताल क्षेत्र में 12 दुकानों का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण। नैनीताल में ऑटोमेटिक पार्किंग को दी गई मंजूरी। अशोक पार्किंग का होगा विस्तार। मेट्रो पार्किंग का निर्माण जल्द शुरू होगा, केंद्र सरकार से अनुमति प्राप्त। नैनीताल बस अड्डा परिसर का पुनर्विकास लाइटवेट स्ट्रक्चर के जरिए किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक दबाव कम होगा। डीएसए मैदान को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण के लिए मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विक. सित किया जाएगा। फ्लैट्स मैदान में हॉकी टर्फ और बॉक्सिंग रिंग बनाई जाएंगी। फ्लैट्स मैदान का उपयोग सिर्फ खेल व सांस्कृतिक आयोजनों के लिए होगा, व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध। धुनीघाट और रातीघाट पैदल मार्ग का सुधार किया जाएगा। शहीद संजय बिष्ट मोटर मार्ग (कैंची, हरतपा, हैलीमोटर मार्ग से तितोली तक) का उच्चीकरण होगा। राज्य मार्ग संख्या-71 के विभिन्न खंडों का सुदृढ़ीकरण। वलिया नाला व ठंडी सड़क पर भूस्खलन रोकथाम के कार्य जारी। नैनी झील की डिसिल्टिंग (कीचड़ सफाई) की जाएगी और रेलिंग बदली जाएगी। प्रमुख स्थलों का रोड सेफ्टी सर्वेक्षण होगा, वॉटर लेक्स कम करने की योजना पर काम। स्थानीय वेंडरों के लिए वेंडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा।

कार्यक्रम में मौजूद रहे ये प्रमुख चेहरे

### कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, मंत्री विधायक सरीता आर्य, फकीर राम आर्य, राम सिंह

कैड़ा, दीवन सिंह बिष्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कूपर डूब्बू, दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, अविद पडियार, दया पोखरिया, मोनज जोशी, मनोज साह, नितिन कार्की सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासनिक स्तर पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, एसएसपी पीएम मीणा, एडीएम विवेक राय, पीआर चौहान सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



■ करप्शन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के संकल्प को दोहराया

## सीएम धामी ने भ्रष्टाचार पर एक बार फिर चेतावनी दी

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** थराली के एक कार्यक्रम में सीएम धामी ने करप्शन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के अपने मजबूत इरादे को दोहराते हुए अधिकारियों कार्मिकों को सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि हाल ही में थराली में निर्माणाधीन पुल बीच में ही गिर गया द्य यह सरासर बहुत बड़ी लापरवाही है द्य मैंने तत्काल इसका संज्ञान लिया द्य तुरंत तीनों इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया गया द्य इतना ही नहीं कोई भी अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही बरतेगा अथवा काम में ढिलाई करेगा, जनता के प्रति अपने कर्तव्यों से विमुख होगा द्य उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी द्य जहां तीनों इंजीनियरों को सस्पेंड किया गया है, यह जनता का धन है, जो उनकी गाढ़ी खून पसीने की कमाई का पैसा है, जो राज्य के विकास के काम आता द्य हमने तय किया है कि निर्माणाधीन कार्य के दौरान जो पैसे की बर्बादी हुई है, उसकी भरपाई भी उसी ठेकेदार से की जाएगी जिसके पास निर्माणाधीन पुल का टेंडर था।

## यूसीसी: अब विवाह पंजीकरण कराएं निःशुल्क




■ अब तक 1.90 लाख से अधिक हुए विवाह पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) 27 जनवरी 2025 से प्रभावी हो चुकी है। इसके तहत 26 मार्च 2010 के बाद हुए सभी विवाहों को यूसीसी के तहत पंजीकृत कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

सरकार ने नागरिकों की सुविधा और भागीदारी को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। यदि कोई दंपत्ति अपनी शादी, जो 27 जनवरी 2025 से पहले हुई है, का पंजीकरण आगामी 26 जुलाई 2025 तक कराता है, तो पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा। जबकि निर्धारित शुल्क 250 है, जिसे इस विशेष अवधि तक माफ कर दिया गया है।

### पहले से पंजीकृत विवाहों के लिए भी अनिवार्य सूचना

जो नागरिक पहले ही अपने विवाह को उत्तराखंड विवाहों का अनिवार्य पंजीकरण अधिनियम, 2010 या किसी व्यक्तिगत कानून के अंतर्गत पंजीकृत करा चुके हैं, उन्हें भी यह जानकारी यूसीसी पोर्टल पर देना अनिवार्य है। यह केवल सूचना देने की प्रक्रिया है, जिसके लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा। इस सूचना को स्वीकृति पत्र (अभिस्वीकृति) के रूप में पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री की अपील: इस सुविधा का लाभ उठाएं

राज्य सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस शुल्क-मुक्त पंजीकरण सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने विवाहों का अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित करें। इससे न केवल वैवाहिक दस्तावेजों की वैधता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में किसी भी कानूनी या सामाजिक विवाद से भी बचाव होगा।

### » पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

सरकार ने विवाह पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से सुलभ कर दी है, जिससे अब नागरिकों को किसी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। राज्य सरकार के अनुसार, अब तक 1,90,000 से अधिक विवाहों का पंजीकरण सफलतापूर्वक ऑनलाइन माध्यम से किया जा चुका है।

# भगवान बदरीविशाल के दर्शन को पहुंचे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी

■ श्री बदरीनाथ धाम यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** केंद्रीय लघु मध्यम उद्योग एवं उद्यमिता विकास मंत्री श्री जीतन राम मांझी आज शुक्रवार पूर्वाह्न बदरीनाथ धाम दर्शन को पँहुचे।

केंद्रीय मंत्री का हैलीपेड पर श्री बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) तथा जिला प्रशासन एवं तीर्थ पुरोहित समाज ने स्वागत किया इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री पारिवारिक जनों के साथ श्री बदरीनाथ मंदिर में वेदपाठ कर पूजा अर्चना की और देश के खुशहाली की कामना की। मंदिर में दर्शन के पश्चात बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने उन्हें भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया।

केंद्रीय मंत्री ने मुख्य कार्याधिकारी से श्री बदरीनाथ -केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं के बावत जानकारी ली मुख्य कार्याधिकारी ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि अभी तक 14 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने श्री बदरीनाथ एवं केदारनाथ धाम के दर्शन कर लिए है जिसमें से छ लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने श्री बदरीनाथ धाम के दर्शन किये है। तीर्थयात्रियों हेतु सरल सुगम दर्शन व्यवस्था की गयी है।

बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने उत्तराखंड सरकार एवं मंदिर समिति द्वारा की गई यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, डिमरी पंचायत उपाध्यक्ष भास्कर डिमरी,धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित, थानाअध्यक्ष नवनीत भंडारी,अमित बंदोलिया,सहायक अभियंता गिरीश रावत, प्रशासनिक अधिकारी विवेक थपलियाल, राजेंद्र सेमवाल , भूपेंद्र रावत,केदार सिंह रावत, संजय तिवारी , सत्येंद्र चौहान वैभव उनियाल, योगंबर नेगी, अजीत भंडारी सहायक मीडिया प्रभारी विकास सनवाल दिनेश भट्ट ,अमित पंवार, हरीश जोशी मौजूद रहे।

# किसान से बड़ा वैज्ञानिक कोई और नहीं : शिवराज

■ केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों को संबोधित किया



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश भर से आये किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड देव भूमि है और इसके प्रताप से इसकी ओर सब खींचे चले आते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री की असली भूमिका जमीनी स्तर पर उतरकर खेतों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करके कृषि की उन्नति के लिए कार्य करना है।

देहरादून के कौलागढ़ में स्थित हिमालयन कल्चरल सेंटर में शुक्रवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। केन्द्रीय कृषि मंत्री, विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से देश भर के किसानों के साथ संवाद कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को चौहान ने उत्तराखंड के किसानों को देहरादून में संबोधित किया। शिवराज ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों के लिए असली प्रयोगशाला खेत ही है, इसलिए हमने 'लैब टू लैंड' जोड़ने और 16 हजार वैज्ञानिकों की टीमों के साथ गांव-गांव जाकर 'विक. सित कृषि संकल्प अभियानश शुरू करने की परिकल्पना की। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वैज्ञानिकों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के कृषि विभाग का अमला, प्रगतिशील किसान सबकों साथ लेकर इस महाभियान की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर सचिव कृषि डॉ सुरेंद्र नारायण पांडेय, महानिदेशक कृषि रणवीर सिंह चौहान, वीसी पंतनगर डॉ मनमोहन सिंह चौहान, भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद-भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान, डॉ त्रिवेणी दत्त निदेशक सहित कई वैज्ञानिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## भाजपा के राज में बहु बेटियां व बहनें सुरक्षित नहीं: कांग्रेस




■ कांग्रेस अब राज्य भर में भाजपाई दुराचारियों से बेटी बचाओ अभियान चलाएगी: धस्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार के राज में जिस तेजी से महिलाओं के खिलाफ हिंसा बलात्कार हत्या के मामले बड़े हैं महिला अपराधों के मामले में उत्तराखंड देश के हिमालई राज्यों में पहले पायदान पर आ गया है।

जिस प्रकार से महिलाओं के खिलाफ हिंसा बलात्कार व हत्या करने वालों को सत्ताधारी भाजपा का संरक्षण मिल रहा है कोई आश्चर्य नहीं उत्तराखंड देश में पहले पायदान पर जल्दी आ जाएगा यह बात आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। धस्माना ने कहा कि एक के बाद एक प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से महिलाओं के खिलाफ अपराध में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों सरकार के दायित्वधारियों के नाम सामने आ रहे हैं उसके चलते अब कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बाकायदा एक अभियान चलाएगी जिसका नाम होगा ष्भाजपाई दुराचारियों से बेटी बचाओ अभियानष स धस्माना ने कहा कि हरिद्वार में विगत चार जून को सामने आए भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष के कारनामे से भाजपा का चाल चरित्र चेहरा साफ साफ उजागर हो गया। पत्रकार वार्ता में जसविंदर सिंह गोगी, सरदार अमरजीत सिंह, डॉ. प्रतिमा सिंह, दिनेश कौशल उपस्थित रहे।

## पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाएगा पैठाणी का राहु मंदिर: डॉ. रावत

■ पौड़ी सांसद अनिल बलूनी के साथ किए राहु मंदिर के दर्शन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**पौड़ी/देहरादून।** राज्य के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने शुक्रवार को थलीसैंण विकासखंड के पैठाणी गांव स्थित विश्व प्रसिद्ध राहु मंदिर के दर्शन किये। यह मंदिर राहु देवता को समर्पित विश्व का एकमात्र मंदिर माना जाता है, जो धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों नेताओं ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवा. सियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पैठाणी स्थित यह राहु मंदिर न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह क्षेत्र के पर्यटन विकास की दृष्टि से भी अत्यंत संभावनाशील है। उन्होंने घोषणा की कि इस मंदिर को उत्तराखंड के पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को यहां आने में सुविधा होगी और पर्यअन के लिहाज से क्षेत्र का भी विकास हो सकेगा। डॉ. रावत ने जिलाधिकारी को इस संबंध में शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये, ताकि मंदिर क्षेत्र में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि राहु मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां देशभर से हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष दर्शन के लिए आते हैं।

उन्होंने कहा कि मंदिर तक पहुँचने वाले मार्गों, विश्राम स्थलों एवं अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। सांसद बलूनी ने यह भी कहा कि वह स्वयं भी संसदीय एवं व्यक्तिगत स्तर पर इस पवित्र स्थल के विकास में योगदान देंगे। दोनों जनप्रतिनिधियों की इस पहल से स्थानीय लोगों में धार्मिक व पर्यटन को बढ़ा मिलने की उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राहु मंदिर को विश्व पटल पर पहचान मिलने से क्षेत्र में पर्यटन को भी पंख लगेंगे और स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा और स्थानीय उत्पादों को भी खरीददार मिल सकेंगे। लोगों ने उम्मीद जताई कि राहु मंदिर जल्द ही एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

## किसानों के हित में लगातार ठोस कदम उठा रही धामी सरकार : जोशी

■ राज्य की 670 न्याय पंचायतों में से 486 कार्यक्रमों का किया जा चुका सफल आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इस मौके पर कहा कि राज्य की 670 न्याय पंचायतों में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत अब तक कुल 486 कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इस दौरान 325 न्याय पंचायतों को कवर किया गया है। कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि इन कार्यक्रमों में अब तक 53,219 किसान एवं ग्रामीण शामिल हो चुके हैं। कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, योजनाओं एवं जैविक खेती के प्रति जागरूक करना है, जिससे प्रदेश की कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार ठोस कदम उठा रही है। कृषि और बागवानी में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मिलेट्स पॉलिसी, कीवी नीति, ड्रैगन फ्रूट खेती योजना और सेब उत्पादन योजना जैसी महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की है। इन नीतियों और योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के किसानों को अधिकतम लाभ मिलेगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।

## उत्तराखंड के सब दे रहे कश्मीर को प्रतिस्पर्धा

**देहरादून।** केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि उत्तराखंड के पहाड़ों में चमत्कार है। यहां की फल और सब्जियों की उपज दूसरे किसी भी क्षेत्र की तुलना में शानदार है। यहां के सेब अब कश्मीर को प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं, जो यहां कि बाग. वानी क्षेत्र की उन्नति को दर्शाता है। चौहान ने उत्तराखंड के फल 'काफल' की भी बात की। उन्होंने कहा कि औषधीय गुणों के कारण 'काफल' की दुनिया में भी मांग बढ़ रही है। मोटे अनाज के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि यहाँ का मोटा अनाज भी अद्भुत है। यहां का पारंपरिक अनाज 'मंडुवा' भी अब सब जगह अपनी प्रसिद्धि स्थापित कर रहा है। 'मंडुवा' के साथ-साथ ऐसे ही अन्य उपयोगी पारंपरिक अनाजों के उत्पादन बढ़ाने के लिए हमें प्रयास करना होगा, उत्तम किस्म के बीज बनाने होंगे और साथ ही साथ मार्केटिंग और ब्रांडिग पर भी ध्यान देना होगा।

# रिश्वत केस: मुख्य कोषाधिकारी को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रिश्वतखोरी के मामले में फंसे नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा को उत्तराखंड हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज नहीं की, मगर उसे मंजूर भी नहीं किया। अब मामले की अगली सुनवाई 18 जून को निर्धारित की गई है।

■ अब मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी

उत्तराखंड विजिलेंस टीम ने दिनेश राणा को 9 मई को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। बीते तीन दिनों से हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह मुद्दा भी उठाया गया कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को ट्रैप करने अथवा गिरफ्तार करने से पहले एफआईआर दर्ज किया जाना आवश्यक होता है। याचिका में सीबीआई की कार्यप्रणाली का हवाला देते हुए कहा गया कि वह गिरफ्तारी से पहले एफआईआर दर्ज करती है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी बनाम राज्य मामले में दिए गए निर्णय का हवाला देते हुए कहा गया कि गिरफ्तारी से पूर्व एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है। कोर्ट ने इन सभी तथ्यों को रिकॉर्ड में ले लिया है।

### याचिकाकर्ता ने खुद को बताया फंसाया गया



**नैनीताल।** शुक्रवार को न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि उन्हें इस मामले में जानबूझकर फंसाया गया है। उनके अनुसार, शिकायतकर्ता की एसीपी क्लेम की फाइल पहले ही लौटा दी गई थी, जिससे नाराज होकर शिकायतकर्ता ने यह षड्यंत्र रचा। पैसे की बरामदगी अकाउंट सेक्शन की दराज से हुई, न कि उनके पास से।

### सरकार ने पेश किए पुख्ता सबूत

**नैनीताल।** वहीं, सरकारी पक्ष की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जब जांच की गई तो रिश्वत के नोटों पर मुख्य कोषाधिकारी और अन्य आरोपी के उंगलियों के निशान पाए गए। इसकी पुष्टि के लिए रासायनिक परीक्षण (सोडियम कार्बोनेट) भी किया गया, जिसमें हाथ धोने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी ने पैसे को छुआ था।

मसूरी नगर पालिका को लगा बड़ा झटका

# हाईकोर्ट ने माल रोड निर्माण पर लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मसूरी माल रोड से पुस्तकालय को जोड़ने वाली सड़क के बीच में नगर पालिका की और से किए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। यह आदेश मसूरी निवासी प्रदीप शाह की और से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद दिया गया।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए मसूरी नगर पालिका को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख भी तीन सप्ताह बाद तय की है।

याचिकाकर्ता प्रदीप शाह ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2023 में नगर पालिका ने यातायात को सुचारू करने के उद्देश्य से माल रोड के बीच स्थित एक पुरानी डिस्पेंसरी को हटाने का प्रस्ताव पास किया था। इससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार आया था। लेकिन मार्च 2025 में नगर पालिका की बोर्ड बैठक में दोबारा उसी स्थान पर निर्माण कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गया। याचिका में कहा गया है कि सड़क के बीच निर्माण कार्य शुरू होने से माल रोड पर पुनः जाम की स्थिति पैदा हो सकती है और स्थानीय नागरिकों व पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इसी के आधार पर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए मामले की अगली सुनवाई तक के लिए यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता जरूरी: जोशी

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** हिम फाउंडेशन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से हरेला पर्व 15 जुलाई तक प्रदेश भर में वृहद वृक्षारोपण एवं जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा। हिम फाउंडेशन के संस्थापक अजय बहुगुणा ने बताया कि हम चाहते हैं और हमारा प्रयास रहेगा कि वृक्षारोपण अभियान को एक सामूहिक सामाजिक पहल के रूप में प्रस्तुत करना है जिससे अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो। कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने हिम फाउंडेशन की इस मुहिम की सराहना की । इस अवसर पर प्रदीप बिष्ट,भास्कर गैरोला अमित मिश्रा व सुनील उपस्थित रहे।

## एक नजर

### किसानों को सिखाई उन्नत कृषि तकनीकें

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने खटीमा और नानकमत्ता ब्लॉक के तीन गांवों में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया। यह कार्यक्रम विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के निदेशक डा. जितेंद्र क्वात्रा के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम में डा. बीडी सिंह, डा. अर्पिता शर्मा काण्डपाल, डा. स्वाति, विधि उपाध्याय और कुंदन सिंह मनोला ने किसानों को मृदा प्रबंधन, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण, और बीज उत्पादन के बारे में जानकारी दी। डा. अर्पिता ने ग्रामीण महिलाओं की कृषि में भूमिका को अहम बताया और तकनीकी जानकारी के प्रभावी उपयोग की सलाह दी। डा. स्वाति ने उन्नत बीज किस्मों और पादप प्रजनन की विधियों पर जोर दिया। किसानों ने कार्यक्रम की सराहना की और अनुरोध किया कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं।

### गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो लोगों को 11 किग्रा गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। कुंडा पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार की रात कुंडा थाने में तैनात एसआई अर्जुन सिंह और एसआई जगत सिंह शाही टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान नीलकंठ कालोनी के रास्ते पर उनको एक संदिग्ध कार दिखाई दी। तलाशी लेने पर कार से 11 किग्रा अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसके बाद टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम संजय पुत्र गंगा शरण निवासी शर्मा राईस मिल के पास गढ़ीनेगी, दूसरे ने अपना नाम सुनील कुमार पुत्र राम कुंवर निवासी गढ़ीनेगी बताया। कुंडा पुलिस ने टीम की तहरीर के आधर पर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### मजियाखेत में गुलदार की चहलकदमी से दहशत

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय में गुलदार का भय लगातार बना हुआ है। गुरुवार की रात गुलदार नगर के मजियाखेत क्षेत्र में चहल-कदमी करते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ। इससे क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने तथा पिंजरा लगाने की मांग की है। इधर वन रेंजर एसएस करायत ने बताया कि विभाग लगातार नगर में गश्त कर रहा है। उन्होंने लोगों से भी अकेले बाहर नहीं जाने तथा घर के आसपास झाड़ी काटने की अपील की है।

### रामायण कथा भागवत सुनने पहुंचे श्रद्धालु

**बागेश्वर।** शिखर पर्वत की मनोरम पहाड़ी पर स्थित श्री श्री 1008 मूल नारायण जी के पावन धाम में आयोजित बाल्मीकि रामायण कथा भागवत सुनने दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहें हैं। यहां भक्तों के लिए मंदिर कमेटी की ओर से भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु देर रात्रि तक भजनों के गायन में मस्त हो रहे हैं। वेद व्यास स्वरूप पंडित रमेश चंद्र पांडे ने भगवान रामचंद्र जी के संपूर्ण जीवन का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि राम जी का चरित्र का बखान एक या दो दिन में नहीं किया जा सकता है। जीवन में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई आदर्श स्थापित किए। यदि मनुष्य उनके आदर्शो पर चले तो उसका जीवन धन्य हो जाएगा। चरित्रवान इंसान हमेशा सत्कार्य करते हैं। पुजारी प्रेम सिंह धामी ने प्रसाद बांटा। मुख्य यजमान मोहन सिंह महर, जोहर सिंह भौर्याल ने लोगों से रोज कथा सुनने आने को कहा। वहां पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल, श्रीमहंत उत्तमानंद महराज, व्यापार मंडल भराड़ी के अध्यक्ष अध्यक्ष शेर सिंह ऐठानी, महेश भौर्याल, कवींद्र सिंह बाफिला, धन सिंह भौर्याल, प्रकाश पपोला पंडित गोपाल दत्त पाठक, व्यवस्थापक हयात सिंह महर, कोषाध्यक्ष जोगा सिंह भौर्याल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा मौजूद रहे।

### पेयजल लाइनों में बने 100 हाइड्रेंट पॉइंट

**अल्मोड़ा।** जंगलों में आग से निपटने के लिए अल्मोड़ा में एक अभिनव पहल की गई है। जिले के जंगलों में 100 गड्ढे तैयार कर उनमें पानी भरा गया है, जिन्हें जल जीवन मिशन समेत विभिन्न योजनाओं की पाइपलाइनों से जोड़ा गया है। इन गड्ढों में हाइड्रेंट पॉइंट बनाए गए हैं। आग लगने की स्थिति में इन पॉइंट्स से सीधे पानी लेकर फायर टेंडर की तरह इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे आग पर तत्काल काबू पाया जा सकेगा। यह प्रयोग सफल रहा तो पूरे उत्तराखंड में इसे लागू किया जाएगा। डीएफओ दीपक सिंह ने बताया कि जिले के जंगलों से गुजरने वाले पेयजल लाइनों में हर 500 मीटर में हाइड्रेंट पॉइंट बनाए गए हैं। जिससे वनाग्नि के दौरान आग पर आसानी से काबू किया जा सकेगा।

### वार्ड के नालों के जल्द निर्माण की उठाई मांग

**अल्मोड़ा।** नगर निगम अल्मोड़ा के पाषर्दो के एक शिष्टमंडल ने शुक्रवार को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की। वार्ड की विभिन्न समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डुबकिया वार्ड की पार्षद अंजू बिष्ट ने बताया कि वार्ड में तीन नालों का निर्माण होना था। बताया कि निर्माणाधीन एक नाले का कार्य रुका हुआ है। मानसून सीजन शुरु होने वाला है। ऐसे में अगर निर्माणाधीन नाले का निर्माण कार्य जल्द पूरा नहीं होता हैं, तो लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बताया कि अधिशासी अभियंता ने मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में पूनम त्रिपाठी, नेहा टम्टा, विकास कुमार आदि पार्षद मौजूद रहे।

# लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाएः गुरमीत सिंह

## अल्मोड़ा पहुंचे राज्यपाल ने जिले के उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) शुक्रवार को अल्मोड़ा पहुंचे। अल्मोड़ा के सर्किट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा तथा मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल ने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की तथा जनपद के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान राज्यपाल ने जनपद के विकास और समृद्धि को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने पीपीटी के माध्यम से राज्यपाल को जनपद में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं उपलब्धियों का



प्रस्तुतीकरण दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि बीते दिनों जनपद के विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं जिनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। खनन न्यास से सरकारी स्कूलों में अस्थाई अध्यापकों की तैनाती कर स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने का प्रयास किया गया है। मुंबई की पेस अकादमी के साथ समन्वय कर स्कूली बच्चों को निःशुल्क नीट एवं इंजीनियरिंग की कोचिंग कराई जा रही है। यहां बच्चों को वर्चुअली माध्यम से कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चे इन क्लासों के प्रति बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में नगर अल्मोड़ा में पिंक ई-रिक्शा का संचालन किया गया है। सरकारी सहायता से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ई-रिक्शा के संचालन से उनको स्वरोजगार से जोड़ा गया है, जिससे इन महिलाओं की आर्थिकी में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने भी पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं नशे के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई सेम अन्य कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया गया। राज्यपाल ने जिला प्रशासन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस दिशा में लगातार कार्य किए जाएं, लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए जिससे उनकी आर्थिकी में लाभकारी बदलाव आए। जनपद में नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा अल्मोड़ा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जाएं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरसी पंत, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी एसके पंत समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल ने दीदी की रसोई का किया शुभारंभ

**अल्मोड़ा।** राज्यपाल ने दीदी की रसोई वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दीदी की रसोई के नाम से संचालित यह वाहन चलती-फिरती कैंटीन है। इस चलती-फिरती कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी,



जिसमें खाना, स्नैक्स तथा फास्ट फूड उपलब्ध रहेगा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग तथा हिमोत्थान (रीप) परियोजना के माध्यम से इस चलती-फिरती दीदी की रसोई का वित्त पोषण किया गया है। इसके माध्यम से नॉन फार्मिंग गतिविधियों में महिलाओं की आजीविका बढ़ाने का प्रयास किया गया है। राज्यपाल द्वारा समूह की महिलाओं के प्रयास को सराहा गया। इस प्रयास के लिए उन्होंने जिला प्रशासन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## विवि की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राज्यपाल (सेनि.) लै. जनरल गुरमीत सिंह शुक्रवार को जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान एसएसजे विवि अल्मोड़ा पहुंचे। उन्होंने कहा कि विवि कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने समस्याओं, संसाधनों की न्यूनता, संरचनात्मक अभाव, शिक्षकों एवं कर्मियों की कमी से अवगत कराया है। समस्याओं के समाधान को लेकर आवश्यक कदम उठाएं जाएंगे। उन्होंने भविष्य की चुनौती को देखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मेटावार, कम्प्यूटर तकनीक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, जनसंचार एवं साइबर सुरक्षा के साथ ही फॉरेंसिक विज्ञान क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए निर्देशित किया। जनसंचार विभाग के शिक्षक डा. ललित जोशी को चार महीने में 4 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम करने के लिए निर्देश दिए। इससे पूर्व कुलपति प्रो. बिष्ट ने स्वागत करते हुए विवि की उपलब्धियां साझा की और उन्होंने राज्यपाल को अवगत कराया कि उनके दिशा-निर्देशन में विवि को शोध, शिक्षा एवं अकादेमिक क्षेत्र में बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। कुलसचिव डा. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने इस बैठक का संचालन करते हुए विवि की उपलब्धि बताई। परिसर निदेशक प्रो प्रवीण सिंह बिष्ट ने आभार जताते हुए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

# जड़ी बूटियों की खेती राज्य के लिए गेम चेंजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह दो दिवसीय दौरे पर कौसानी पहुंचे, जहां उन्होंने जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की।

■ राज्यपाल गुरमीत सिंह ने बागेश्वर में विकास योजनाओं की समीक्षा की



उनके स्वागत में जिलाधिकारी आशीष भटगाईं के नेतृत्व में प्रशासन ने औपचारिक स्वागत किया और गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का निरीक्षण कर महिलाओं की आय, उत्पादों और विपणन रणनीतियों की जानकारी ली और उन्हें डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एरोमैटिक पौधों और औषधीय जड़ी-बूटियों की खेती को राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए गेम चेंजर बताया। जिलाधिकारी भटगाईं ने राज्यपाल को मेरा सपना, मेरा लक्ष्य, हेलो बागेश्वर और नशा मुक्ति अभियान जैसी पहलों की जानकारी दी। राज्यपाल ने इन नवाचारों की सराहना करते हुए घोस्ट विलेज को होस्ट विलेज में बदलने के लिए विशेष योजनाएं शुरू करने का सुझाव दिया। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के ने जिले की कानून व्यवस्था की जानकारी दी।

### कौसानी में महात्मा गांधी की स्मृतियों को नमन् किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने बागेश्वर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कौसानी के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां के प्राकृतिक सौंदर्य और हिमालय की दिव्य छटा का अनुभव किया। राज्यपाल ने इस अलौकिक स्थल में अद्भुत शांति, स्वच्छता और सुरम्यता की प्रशंसा की। उन्होंने इस दौरान अनाशक्ति आश्रम का भी भ्रमण किया। यह वही आश्रम है जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वर्ष 1929 में प्रवास के दौरान अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'अनाशक्ति योग' की रचना की थी। राज्यपाल ने आश्रम में गांधी जी की स्मृतियों को नमन किया और आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार भी अंकित किए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कौसानी जैसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं, जिन्हें संरक्षित और संवर्धित करना हम सबका कर्तव्य है। दो दिवसीय दौरे के दौरान राज्यपाल सिंह से जिले के विभिन्न संगठनों ने मुलाकात की। तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भेंट करने वालों में रेड क्रॉस सोसायटी के पूर्व चेयरमैन संजय सह जगाती, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बबलू नेगी सहित अन्य स्वयं सहायता समूह से जुड़े कार्यकर्ताओं ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## हाइब्रिड कारों के टैक्स में छूट देने का निर्णय स्वागत योग्यः बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उत्तराखण्ड सरकार द्वारा हाइब्रिड कारों के वाहन टैक्स में छूट देने का निर्णय स्वागत योग्य और दूरदर्शी कदम है। कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री काशीपुर के अध्यक्ष अशोक बंसल ने सरकार के इस फैसले की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह निर्णय राज्य के लिए दूरगामी लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हम उत्तराखंड सरकार द्वारा हाइब्रिड कारों के पंजीकरण शुल्क और वाहन टैक्स में छूट देने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हैं। यह कदम न केवल राज्य में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रदेश के ऑटोमोबाइल सेक्टर को भी नई ऊर्जा देगा। हाइब्रिड कारें पारंपरिक पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में कम कार्बन उत्सर्जन करती हैं, जिससे राज्य में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा और हरित परिवेश को बढ़ावा मिलेगा। टैक्स छूट से उपभोक्ताओं को 3.5 लाख से 5 लाख रुपये तक की सीधी बचत होगी, जिससे राज्य में हाइब्रिड कारों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। अध्यक्ष अशोक बंसल ने कहा कि कुमायूँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, काशीपुर सरकार के इस दूरदर्शी फैसले की सराहना करती है और उम्मीद करती है कि इससे उत्तराखण्ड का सतत् विकास और हरित भविष्य सुनिश्चित होगा।

# बयान देकर फंसे पूर्व विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर में चौराहों के नामकरण को लेकर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा द्वारा की गई प्रेस वार्ता के तत्काल बाद से प्रतिक्रियाओं का चला दौर थम नहीं रहा है।

■ देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ उत्तराखंड व अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ने भी किया चीमा का विरोध



आज नगर निगम रोड स्थित एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ उत्तराखंड एवं अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा उत्तराखंड ने पूर्व विधायक पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में ही काशीपुर का विनाश हुआ है। देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ उत्तराखंड एवं अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष अजय सौदा 'बन्नू' ने कहा कि नगर निगम महापौर दीपक बाली द्वारा काशीपुर के किये जा रहे चहुंमुखी विकास पर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा जो बयान दे रहे हैं, वह उसकी घोर निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि एनडी तिवारी के बाद अब दीपक बाली विकास पुत्र बनकर उभर रहे हैं। बन्नू ने पूर्व विधायक चीमा के बयान की निंदा करते हुए उक्त बयान वापस लेने की मांग की तथा ऐसा नहीं करने पर देवभूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ काम बंद हड़ताल कर उनका जोरदार विरोध करेगा। प्रेस वार्ता में अनुज सौदा, मनोज पहलवान, बबलू चौहान, विनय चौधरी, विरेन्द्र मुल्तानी, रामकुमार मरदान, अजय, बादल खत्री आदि मौजूद थे।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय द्वारा आईसीएआर एससी सब प्लान के तहत छात्रों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर हाई इम्पैक्ट रिसर्च का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा विनय ने कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वागत भाषण डा. एससी त्रिपाठी, प्रभारी अधिकारी विश्वविद्यालय पुस्तकालय ने दिया। कार्यक्रम के पहले दिन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डा. मोहम्मद नजीम ने छात्रों को संबोधित करते हुए शोध प्रकाशन में पुस्तकालय की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। डा. दीपा विनय ने पुस्तकालय की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह किसी भी शैक्षणिक




कार्यक्रम में केंद्रीय भूमिका निभाता है और छात्रों को कम से कम एक महापुरुष की पुस्तक अवश्य पढ़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पीजी और पीएचडी के 30 छात्रों ने भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम संयोजक डा. केपी सक्सेना ने बताया कि पंतनगर विश्वविद्यालय ने क्यूएस रैंकिंग में पिछले वर्ष 209 से छलांग लगाकर 102वीं रैंक प्राप्त की है, और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय की रैंकिंग में और सुधार लाएंगे। कार्यक्रम में उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डा. पीके सिंह, हेमा हल्दुआ, चन्दा आर्या, और विद्यार्थी गौरव, विकास गौतम, रॉबिन सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों का चयन

**बागेश्वर।** उत्तराखंड कबड्डी एसोसिएशन द्वारा विगत एक जून को प्रथम यूथ राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु (बालक एवं बालिका वर्ग) अंडर 18 का ट्रायल जनपद हरिद्वार के चंडिकेश्वर महादेव मंदिर एवं कर्मकांड वेद विद्यालय में किया गया। इसमें बागेश्वर एक बालक एवं तीन बालिकाओं ने भाग लिया। दीया गोस्वामी का चयन प्रथम राष्ट्रीय यूथ कबढी के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 जून से एक जुलाई तक हरिद्वार में आयोजित होगी। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव गणेश धपोला ने दिया गोस्वामी बेहतर खिलाड़ी बताया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर विधायक बागेश्वर पार्वती दास, कपकोट सुरेश गड़िया, राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय, शिव सिंह बिष्ट, जिला पंचायत प्रशासक देव, नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, डीएम आशीष भटगयी ने खुशी जताई है।

# वैश्यावृत्ति का धंधा बंद करने को कहने पर पीट दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** आवास विकास स्थित एक होटल में वेश्यावृत्ति का धंधा बंद कराना एक युवक को भारी पड़ गया।

■ पीड़ित की तहरीर पर होटल मैनेजर व संचालक पर मुकदमा दर्ज

होटल संचालकों ने युवक को मारपीट कर अधमरा कर जान से मारने की धमकी दे दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर होटल मैनेजर व संचालक समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। आवास विकास निवासी सतेन्द्र शर्मा पुत्र स्व. एनपी शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर के पास में ही एक होटल में सैक्स रैकेट का धंधा काफी वर्षों से चलता है, उक्त होहल पर पूर्व में भी एक-दो बार मुकदमें भी दर्ज हुये हैं और पुलिस द्वारा कई अपराधियों को जेल भी भेजा गया है, परन्तु उसके उपरान्त भी वेश्यावृत्ति का धंधा यहां अक्सर चलता रहता है जिससे क्षेत्र व आसपास का माहौल खराब होता है। सतेन्द्र ने बताया कि इस होटल का संचालन जसपुर निवासी प्रकाश नामक युवक करता है। उसने तथा अन्य कई पड़ौसियों ने प्रकाश को समझाया कि इस तरह का धंधा मत करा करो। इस पर प्रकाश बोला कि उसकी सैटिंग बहुत है यदि तुम ज्यादा मेरी शिकायत करोगे तो मैं तुम्हारी लाश का भी पता नहीं लगने दूंगा इसके बाद से प्रकाश विभिन्न माध्यमों से उसे धमकी दिलवाता रहा। सतेन्द्र ने बताया कि बीती 1 जून की रात्रि के लगभग 9:30 बजे वह आवास विकास मोड़ पर जब वह अपनी माता के लिये ठेले से आइसक्रीम खरीद रहा था तभी होटल में एक अज्ञात लड़की अज्ञात लड़के के साथ घुसी तो उसने होटल मैनेजर से कहा कि यहां वेश्यावृत्ति का धंधा मत कराओ यदि इन लोगों को कमरा देना है तो इनकी आईडी लो। इसी बात पर होटल मैनेजर भड़क उठा और गालियां देने हुए उसने प्रकाश को तुरन्त वहां बुला लिया। प्रकाश के साथ अज्ञात लोग उसे जबरदस्ती खींचकर होटल के अन्दर ले जाने की कोशिश करने और कहा कि इसे अन्दर ले चलो, इस पर झूठा बलात्कार का मुकदमा लगा देंगे। उसने जोर लगाया तो उक्त लोग उसे अन्दर नहीं ले जा पाये और वह वहाँ से छूटकर भागा तो प्रकाश ने पीछे से उसके ऊपर धारदार कावड़ी से प्रहार किया, जिसे उसने अपने बांये हाथ से अपने आप को बचाया, जिससे उसके हाथ की हड्डी तीन जगह से टूट गयी और उसके तीन टांके भी आये। प्रकाश ने मारपीट करते हुए कहा कि अगर तूने हमारा वेश्यावृत्ति का धंधा बन्द कराया, तो तेरी लाश आवास विकास मोड़ के मुख्य द्वार पर टांग देंगे। सतेन्द्र ने बताया कि वह घबरा गया। उसने बताया कि उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुयी है। सतेन्द्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रकाश व उसके होटल मैनेजर के खिलाफ बीएनएस की धारा 117, 51(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच टांडा चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी के सुपुर्द की है।

# भाजपा चलाएगी अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प से सिद्धि अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। शुक्रवार को तैयारियों को लेकर पातालदेवी स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान को लेकर बूथ से मंडल स्तर तक कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तय की गई। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विरेन्द्र वल्दिया ने कहा संकल्प से सिद्धि के तहत सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले साल के दौरान उठाए गए कदमों और योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पांच से 15 तक वृहद पौधरोपण, 21 जून को योग दिवस, 23 जून को बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने सभी कार्यक्रमों को पूरे मनोयोग से करने का आह्वान किया। यहां बैठक में जिलाध्यक्ष महेश नयाल, मेयर अजय वर्मा, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, धर्मेंद्र बिष्ट, गोविन्द पिलख्वाल, रवि रौतेला, अरविंद बिष्ट, ललित लटवाल, गिरिश खोलिया, प्रकाश भट्ट, महिपाल बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, आनंद डंगवाल, बीना नयाल, दीपक साह, राजेंद्र बिष्ट, मंगल रावत, हरीश परिहार, हरीश सिजवाली, नवीन बिष्ट, दिनेश पांडे, प्रताप गैड़ा, जगदीश डंगवाल, हरीश प्रसाद, प्रेम लटवाल, पूनम पालीवाल, लीला बोरा, हरीश कनवाल, देवेंद्र नयाल, मनोज जोशी, प्रदीप नगरकोटी, खीम सिंह बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, भानू अधिकारी, दिनेश मठपाल, नितिन पंत आदि मौजूद रहे।

# किसानों को दी वैज्ञानिक एवं तकनीकी जानकारी

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नैकाना न्याय पंचायत का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत रामगढ़ विकासखंड के सभागार में नैकाना न्याय पंचायत का एक दिवसीय कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बोहराकोट बसंत शाह ने की।

इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लेकर कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं संबंधित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में शीतोष्ण बागवानी अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अरुण किशोर ने फलों में होने वाली बीमारियों एवं उनके निदान के वैज्ञानिक उपायों की




जानकारी दी। वहीं, भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान मुक्तेश्वर के डा. एनएस खड़ायत ने पशुओं में होने वाली सामान्य एवं गंभीर बीमारियों, उनके लक्षण और उपचार के बारे में किसानों को जागरूक किया। कृषि विभाग के विकासखंड प्रभारी अफरोज अहमद ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, मृदा परीक्षण, और मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, उद्यान विभाग की कुंद बंदना आर्या ने बागवानी योजनाओं, अनुदान एवं तकनीकी सहायता की जानकारी किसानों को दी। पशुपालन विभाग की डा. तरुण बेला ने किसानों को विभाग की योजनाओं के साथ-साथ पशु बीमा की महत्ता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पशु बीमा आपदा की स्थिति में पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया, जिससे किसानों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर डा. चंद्रशेखर, डा. आशुतोष कुमार, विधि मेहरा, निवेदिता पंत, मीनाक्षी रावत, आकांक्षा नायक, पृथ्वीराज सिंह, देवेंद्र सिंह बिष्ट, हरिश्चंद्र, दीवान राम सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिट्टू कनवाल को स्वर्णपदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** थाई बॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप मुकाबले में अल्मोड़ा के बिट्टू कनवाल ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। चैंपियनशिप के



फाइनल मुकाबले में बिट्टू ने स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। देहरादून के परैड ग्राउड में आयोजित चैंपियनशिप के फाइनल एकल मुकाबले में 63 किलो भार वर्ग में बिट्टू ने देहरादून के खिलाड़ी को परास्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जबकि सेमीफाइनल में उन्होंने उधमसिंहनगर के रोहित को और क्वाटर फाइनल में पौढ़ी के खिलाड़ी को 5-0 के अंतर से हराया था। वहीं, आगामी 28 जून से महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल प्रतियोगिता के लिए बिट्टू का उत्तराखंड की टीम से चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व खेल निदेशक सुरेश पांडे, लक्ष्मण सिंह कनवाल, वीरेंद्र सिंह कनवाल, देव सिंह, राजेंद्र सिंह, पुष्कर सिंह, बीएस मनकोटी, भोला कनवाल, नवनीत जोशी, अभिषेक राणा, नंदन सिंह समेत कई खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

# दमुवाढूंगा में डर का माहौल

## सरकार का तुगलकी रवैया स्वीकार नहीं: विधायक सुमित हृदयेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमुवाढूँगा क्षेत्र इन दिनों प्रशासनिक दबाव और डर के माहौल से जूझ रहा है। यह वही क्षेत्र है जिसे वर्ष 2002 में मेरी माताजी स्व. इंदिरा

**कहा-शकों से रह रहे लोगों को बेदखल करने की कोशिश को कामयाब नहीं होने देंगे**

हृदयेश ने गोद लिया था और वहां अभूतपूर्व विकास कार्य किए। उन्हीं के सपनों को साकार करते हुए वर्तमान में मेरे द्वारा दमुवाढूंगा क्षेत्र में रुपये 2 करोड़ से अधिक की लागत से सड़क निर्माण सहित कई विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। यह कहना है कि शहर विधायक सुमित हृदयेश का। सुमित हृदयेश ने कहा कि मेरी माताजी स्व. इंदिरा हृदयेश का



स्पष्ट सपना था कि दमुवाढूँगा वासियों को उनका मालिकाना हक दिलवाया जाए। इस दिशा में वर्ष 2016 में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया और दमुवाढूँगा क्षेत्र को राजस्व ग्राम के रूप में बंदोबस्त घोषित किया गया। इसके बावजूद वर्तमान सरकार न केवल इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में विफल रही है, बल्कि अब यह कह रही है कि 'दमुवाढूँगा में नए लोगों ने कब्जा किया है'। सरकार और प्रशासन परंपरागत और दशकों से वहाँ निवासरत लोगों को बेदख़ल करने की कोशिश कर रही है जो सरासर गलत और असंवेदनशील है। दमुवाढूँगा क्षेत्र के लोग 50-60 वर्षों से वहां निवास कर रहे हैं, खेती कर रहे हैं, अपनी ज़मीनों पर कास्तकारी कर रहे हैं। ऐसे में सरकार का यह रवैया कि इन लोगों की ज़मीनों पर अब प्रशासन कब्ज़ा करेगा यह पूर्णत: अन्यायपूर्ण है। यह केवल दमुवाढूँगा तक सीमित नहीं है। हाल ही में काठगोदाम क्षेत्र में मलिन बस्ती श्रेणी 'ए' के लोगों को डरा-धमकाकर उनके घर प्रशासन ने तुड़वा दिए, जबकि इन बस्तियों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है और प्रशासन को उन्हें हाथ तक लगाने का अधिकार नहीं है। आज पूरे हल्द्वानी शहर में गरीब, वंचित और मेहनतकश नागरिकों को डराने-धमकाने का तुगलकी रवैया अपनाया जा रहा है, जो लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है। हम इस अन्याय का पुरज़ोर विरोध करते हैं और यह विश्वास दिलाते हैं कि बहुत जल्द प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर इस मुद्दे को उठाया जाएगा और क्षेत्रवासियों को उनका वैधानिक हक़ दिलवाया जाएगा। हम दमुवाढूँगा वासियों के साथ पूरी मज़बूती से खड़े हैं। एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने भी स्पष्ट किया है कि वर्ष 2016 में दमुवाढूँगा जवाहर ज्योति क्षेत्र को बंदोबस्ती राजस्व ग्राम घोषित किया जा चुका है। शासनादेश अनुसार वहां के परंपरागत निवासियों को असंक्रमणीय अधिकारों के साथ भूमिधर घोषित किया जाना था, लेकिन इसके बजाय सरकार अब उन्हीं नागरिकों की ज़मीन को अवैध कब्जा बताकर कब्जाने का प्रयास कर रही है, जो न केवल अवैधानिक है, बल्कि मानवता और न्याय के विरुद्ध भी है।

## दुर्घटना के आरोपी चालक पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** घर से टहलने निकले एक युवक को टक्कर मारकर मृत्यु कारित करने के आरोपी बाईक चालक के खिलाफ पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में प्रकाश हरमनी दढ़ियाल रोड निवासी रिंकू देवी ने बताया कि उसके पति रंजन सरण गुप्ता बीती 9 मई की शाम करीब 7 बजे अपने घर से धीमरखेड़ा तक पैदल टहलने के लिए गये थे। वहां से लौटते समय मण्डल मेडिकल स्टोर के पास पहुंचे तभी काशीपुर की ओर से आ रही बाइक संख्या यूपी 22 बीबी 3538 के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी और बाइक को मौके पर छोड़कर भाग गया। उक्त हादसे में उसके पति को गंभीर चोटें आई जिन्हें लोगों के द्वारा मुरादाबाद रोड स्थित एक अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर करने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अगले दिन पुलिस ने शव का पंचामा भी भरा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

# पालतू कुत्ते ने काटा, मालिक और स्कूटी सवार दोनों पर मुकदमा

## दोनों पक्षों ने कराई क्रॉस रिपोर्ट, पुलिस जांच करेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में पालतू कुत्ते ने एक स्कूटी सवार पर हमला कर दिया। स्कूटी सवार नीचे गिर गया, जिसके बाद कुत्ता लगातार हमला करता रहा और स्कूटी सवार बुरी तरह लहूलुहान हो गया। इस मामले में पुलिस ने कुत्ता मालिक पर मुकदमा दर्ज किया। साथ ही कुत्ता मालिक की तहरीर पर स्कूटी सवार पर भी मुकदमा लिखा। ग्राम रामड़ी आनसिंह फतेहपुर निवासी दिनेश चंद्र ने पुलिस को बताया कि एक दुकानदार हैं। 18 मई की सुबह वह दुकान से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि घर पर पहुंचते ही उनके पड़ोसी पुलिस संचार विभाग से सेवानिवृत्त किरन प्रकाश के कुत्ते ने उन पर हमलाकर दिया। वह स्कूटी से गिर गए, जिसके बाद कुत्ते ने उन्हें कई जगह काट कर लहूलुहान कर दिया। वह इस कदर जख्मी हुए कि अस्पताल ले जाना पड़ा। कुत्ते के काटने के बाद किरन प्रकाश के बच्चों ने उनके साथ अभद्रता की और गुंडों से मरवाने की धमकी दी डाली। वहीं किरन प्रकाश का कहना है कि दिनेश चन्द्र आर्या अपने कुत्ते को स्कूटी पर बिठाकर हमारे घर के रास्ते से गुजर रहे थे, तभी रास्ते में कुत्ते झगड़ने लगे। दिनेश का संतुलन बिगड़ गया और वह स्कूटी से गिर गए, जिससे दिनेश को खरोंचें आ गईं। किरन ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और आरोप है कि इसी बीच दिनेश के परिवार वाले वहां पहुंच गए और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी और उनके पालतू कुत्ते पर ईटों हमलाकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी का कहना है कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है।

## कोर्ट के आदेश पर पूर्व क्रिकेटर व उसके बेटे पर हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मनोज प्रभाकर और उनके बेटे रोहन प्रभाकर एक बार फिर कानूनी मुश्किलों में फंस गए हैं। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर के बरेली रोड निवासी जसविंदर सिंह भसीन, जो श्री गुरुनानक इंटरप्राइजेज के मालिक हैं, ने मनोज प्रभाकर और उनके बेटे पर लाखों रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। भसीन की फर्म एफएमसीजी उत्पादों की कुमाऊं क्षेत्र में डिस्ट्रीब्यूशन का कार्य करती है। भसीन का कहना है कि प्रभाकर की कंपनी नेचुरंस हर्बल प्राइवेट लिमिटेड, जो सौंदर्य उत्पाद बनाती थी, ने उन्हें 2.5 लाख रुपये लेकर डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त किया और एक ब्लैंक चेक के जरिए माल भेजा। शुरुआत में सब सामान्य रहा, लेकिन एक दिन अचानक कंपनी बंद कर दी गई और नया माल आना बंद हो गया। इतना ही नहीं, कंपनी का मार्केटिंग हेड बाजार से सीधा पैसा उठा ले गया, जिससे जसविंदर को भारी नुकसान हुआ। शिकायतों के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद जसविंदर ने कोर्ट की शरण ली और दस्तावेजी सबूत प्रस्तुत किए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार पांडे के आदेश पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने पुष्टि की है कि मुकदमा दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## निर्जला एकादशी पर शरबत वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शुक्रवार को हल्दूचौड़ के





नया बाजार क्षेत्र में शगुन क्रॉकरी द्वारा श्री श्याम सेवा मित्र मंडल हल्दूचौड़ के सहयोग से शरबत वितरण के लिए छबील का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ राहगीरों को भी शीतल शरबत वितरित किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, निर्जला एकादशी पर जलदान का विशेष महत्व होता है। इसी भावना के तहत छबील लगाकर जल सेवा की गई, जिसमें लगभग 2000 लोगों ने शरबत का प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्य आयोजक, व्यवसायी एवं प्रमुख श्याम भक्त गिरीश चंद्र कांडपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वें हर वर्ष समाजसेवा और धर्मकार्य में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक साधना वहीं है, जब साधक के पास सभी भोग उपलब्ध होते हुए भी वह उनका त्याग करे। अभाव में त्याग कोई त्याग नहीं कहलाता। उन्होंने कहा कि गर्मी में व्रत न करने वाले भी जब शीतल जल ग्रहण करते हैं, तो उन्हें आत्मिक शांति मिलती है। इस परंपरा का सीधा संबंध कठिन व्रत साधना और परोपकार की भारतीय संस्कृति से जुड़ा है।

# हैड़ाखान मंदिर, कठघरिया में नवनिर्मित पितृ तर्पण भवन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने शुक्रवार को हैड़ाखान मंदिर कठघरिया में नवनिर्मित पितृ तर्पण भवन का लोकार्पण किया। इस भवन का निर्माण 43.81 लाख रुपये की लागत से किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व महापौर जोगेंद्र रौतेला और नगर आयुक्त ऋचा सिंह भी मौजूद रहीं। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि इस भवन से क्षेत्र के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा, जिन्हें अब अपने पितरों के तर्पण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने समाजसेवियों योगेश जोशी और महेश कांडपाल द्वारा इस भवन के निर्माण



के लिए व्यक्तिगत रूप से पांच-पांच लाख रुपये की सहायता देने के लिए आभार जताया। मंदिर समिति के अध्यक्ष खुशाल चंद ने भवन निर्माण में सहयोग के लिए विधायक भगत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, महामंत्री प्रकाश पटवाल, भाजपा नेता प्रमोद तौलिया, कमलनयन जोशी, बसंती राणा, सरिता जोशी, मुकेश सुयाल, नवीन पंत, दिनेश सुयाल, महेश शर्मा, सुरेश गौड़, पार्षद चंद्रप्रकाश आर्या, सहायक नगर आयुक्त विमला जोशी और अधिशासी अभियंता नवल नौटियाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रियान शर्मा, सूद ब्रदर्स ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को चूनाखान बैलपड़ाव में स्व. बीएस रावत स्मृति फर्स्ट आईटा मैंस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सातवें दिन रोमांचक मुकाबलों के बीच कई बड़ी उपलब्धियां दर्ज हुईं। मुख्य कोर्ट (कोर्ट नंबर-1) पर खेले गए सिंगल्स इवेंट के फाइनल मैच में दिल्ली के रियान शर्मा ने तामिलनाडू के रंजीत वीएम को सीधे सेटों में 7-6, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।





वहीं, उसी कोर्ट पर खेले गए डबल्स इवेंट के फाइनल मैच में 30 आयु वर्ग के विश्व रैंकिंग के नंबर-1 खिलाड़ी चंद्रिल सूद और लक्षित सूद (उत्तरप्रदेश) ने उड़ीसा के अमृत्यंजय मोहंती और शुभ्रंनिल बर्मन की जोड़ी को 3-6, 6-4, 10-4 से हराकर फाइनल जीत लिया। इस जीत के साथ सूद ब्रदर्स ने उत्तरप्रदेश की शान में चार चांद लगाए और एक बड़ी खिताबी जीत हासिल की। समारोह के दौरान विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को डीटीए नैनीताल के उपाध्यक्ष ललित मोहन जोशी की पत्नी मंजू जोशी द्वारा नकद पुरस्कार और चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला टेनिस एसोसिएशन, नैनीताल के उपाध्यक्ष ललित मोहन जोशी, टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत, आयोजन सचिव अवनीश रस्तोगी, रामनगर के वरिष्ठ टेनिस खिलाड़ी कमल सती, मोहित सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

# कंचन कश्यप ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने हल्द्वानी के बड़ी मुखानी पीलीकोठी स्थित भूमिया देवी मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने औषधीय और फलदार प्रजातियों के पौधे रोपे तथा मंदिर परिसर में सफाई अभियान में भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान कंचन कश्यप ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वें जागरूक नागरिक के रूप में अपने आस-पास के क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन में प्लास्टिक कचरे के कारण नालियों के चोक होने से सड़कें जलमग्न हो जाती हैं,



जिससे दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। अत: हमें सतर्क रहकर प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि आज वृक्षारोपण केवल एक पर्यावरणीय कर्तव्य नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का साधन बन चुका है। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि गोविंद कश्यप वीरा ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कविताएं सुनाकर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। उनकी कविताओं ने वातावरण को जागरूकता और संवेदना से भर दिया।

## बिना नंबर कार सीज

**हल्द्वानी।** शहर में यातायात नियमों की अनदेखी और सड़कों पर दबंगई दिखाने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने कुल 244 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की, जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, भवाली निवासी मोहम्मद सैफ अपनी अल्टो कार यूके04टीबी-5235 में हूटर लगाकर सड़कों पर रौब झाड़ रहा था। पुलिस ने कार को कब्जे में लेते हुए हूटर हटवाया और मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की। इसी तरह भवाली के ही नरेश पांडे बिना नंबर की लग्जरी कार चला रहा था। जांच में उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिला। पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर उसकी कार सीज कर दी। अभियान के तहत पुलिस ने कुल 5 वाहन सीज किए, जबकि 9 वाहन चालकों के डीएल निरस्त किए गए।

# सफाई कर्मचारी संघ का धरना जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम सभागार में विभिन्न मांगों को लेकर देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के

**तीन दिन के कार्य बहिष्कार पर हैं कर्मचारी**

बनैर तले चल रहा धरना प्रदर्शन आज शुक्रवार दूसरे दिन भी जा रहा। कर्मचारियों ने चेताया कि अगर तीन दिवसीय सांकेतिक धरने के बाद अगर कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। शुक्रवार को देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन



मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में चल रहे धरने के दूसरे दिन कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

धरना स्थल पर हुई सभा के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय पाल ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निगम प्रशासन से बार-बार अवगत कराए जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। अब आंदोलन ही सही रास्ता बन गया है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। संघ ने समस्त अस्थायी कर्मचारियों को उनके एक वर्ष के एरियर का भुगतान करने, एसीपी अवधि-निर्भर वेतनमान का भुगतान करने और प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षकों की भर्ती में वरिष्ठ और योग्य कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की मांग की है। इसके अलावा संघ ने कहा कि मोहल्ला स्वच्छता समिति भर्ती में स्थायी, पात्र और जरूरतमंद कर्मचारियों को रखा जाए। अमित कुमार ने कहा कि निगम प्रशासन यदि समय रहते इन मांगों के समाधान के लिए कोई सम्मानजनक कार्यवाही नहीं करता, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोमवार से पूर्ण रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में राजेश, रोहित टाँक, राजेश, विशाल, शम्मी, सिद्धार्थ चौहान, मुकेश, लक्की, श्याम सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्याम महिमा के रंग में रंगा शहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कल यानि आज शनिवार को एमबी इंटर कालेज में होने वाले तृतीय भव्य श्री श्याम संकीर्तन

**तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आज निशान यात्रा और संकीर्तन कार्यक्रम होंगे आयोजित**

महोत्सव की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है।

पूरे शहर को श्याम महिमा के रंगों से सजाया गया। इसके साथ ही सुबह 6 बजे बरेली रोड लटूरिया आश्रम से





निकलने वाली भव्य निशान यात्रा मुखानी स्थित खाटू श्याम मंदिर से निकाली जायेगी। भव्य निशान यात्रा को सपन्न कराने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी है। यह बात श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के आयोजक मंडल के अध्यक्ष अंकित पाल और मीडिया प्रभारी वैभव गुप्ता ने दी।

शुक्रवार को एमबी इंटर कॉलेज में पत्रकार वार्ता करते हुए श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के आयोजक मंडल के अध्यक्ष अंकित पाल और मीडिया प्रभारी वैभव गुप्ता ने बताया कि इस महोत्सव का आयोजन श्री श्याम युवा मित्र मंडल संस्था, हल्द्वानी द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रख्यात भजन सम्राट श्री खाटू श्याम भक्त कन्हैया मित्तल, विवेक शर्मा और परविंदर पलक श्याम भक्ति गीतों का सुंदर गुणगान करेंगे और अपनी मनमोहक आवाज से श्याम भक्तों को भाव विभोर करेंगे। आयोजक मंडल ने बताया कि इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में अत्यधिक उत्साह देखा जा रहा है और सभी श्याम भक्त इसके लिए पूरी तरह से जुटे हुए हैं। तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव कल यानि आज शनिवार को सात बजे शहर के एमबी इंटर कालेज ग्राउंड में होगा। इससे पूर्व सुबह 6 बजे बरेली रोड स्थित लटूरिया आश्रम मंदिर से एक भव्य खाटू श्याम की निशान यात्रा प्रारंभ होकर कालाढूंगी चौराहा होते हुए खाटू श्याम मंदिर मुखानी तक पहुंचेगी। इस दौरान श्रद्धालु अपने श्रद्धाभाव के साथ यात्रा में भाग लेंगे। आयोजक मंडल ने समस्त जनमानस से अपील की है कि वें इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री खाटू श्याम की कृपा प्राप्त करें और अपने जीवन को धन्य बनाएं। पत्रकार वार्ता में संजीव कश्यप, सोनू बेलवाल, हर्षित पाल, कमल पाल, रामू गुप्ता, राहुल भट्ट, पिंकु गुप्ता, राजू प्रजापति, अनिल पाल आदि मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी

## पर्यावरण संरक्षण पर कवियों ने दी संदेशपूर्ण प्रस्तुतियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कमलुवागांजा स्थित कार्यालय में एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई।

काव्य गोष्ठी में कवि भुवनेश कुमार 'विराट', योगेश बहुगुणा, मनीष पंत, डा. भगवती पनेरू, मीना अरोरा, अमृता पांडे, और बीना भट्ट ने भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर आधारित अपनी रचनाओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने सभी कवि और कवयित्रियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित



किया और प्रत्येक को एक पौधा भेंट स्वरूप देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र प्रसाद महतोलिया, दर्जा राज्यमंत्री महेश शर्मा, मोहन चंद्र जोशी, सचिव विद्या जोशी, उप सचिव अंजू पांडे, मीडिया प्रभारी कविता तिवारी, सह मीडिया प्रभारी रमा पांडे, संरक्षक नीरज बोरा, संयुक्त सचिव शशि जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डीके स्पोर्ट्स बनी अंडर-16 की चैंपियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट

**मैन ऑफ़-द मैच अथर्व अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज वैभव मेहरा व मैन ऑफ़-द सीरीज बने हर्षित पढ़ियार**

लीग के फाइनल मैच में डीके स्पोर्ट्स ने जीएनजी को 4 विकेट से हराकर फाइनल का खिताब अपने नाम कर लिया। शुक्रवार को जीएनजी क्रिकेट एरिना के मैदान में खेले गए फाइनल मुकाबले में जीएनजी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर केवल 168 रन ही बना सकी। डीके





स्पोर्ट्स के गेंदबाज लव आर्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3, तन्मय सुनल ने 2 और देवांग नेगी ने 1 विकेट लिए। 168 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने 32 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाकर 4 विकेट से मैच जीत लिया। डीके स्पोर्ट्स के बल्लेबाज अथर्व अग्रवाल ने 79 रनों का योगदान दिया। जीएनजी के गेंदबाज हर्षित पढ़ियार ने 3, देव सिंह बिष्ट और वेदांत यादव ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफ-द मैच का पुरुस्कार अथर्व अग्रवाल, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज वैभव मेहरा, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हर्षित पढ़ियार को मैन ऑफ़-द सीरीज दी गई। फाइनल मैच में अंपायर की भूमिका में हिमांशु चतुर्वेदी व विनय जोशी और स्कोरर हरप्रीत सिंह रहे। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता जगमीत सिंह मिती और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रॉकी बृजवासी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर फाइनल का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, आनंद बिष्ट, नरेंद्र अधिकारी, मनोज शर्मा, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ अल्मोड़ा ने सचिव हर्ष गोयल, जगमोहन सिंह बगड़वाल, संजय चौधरी, सुनील साह, बीएल साह किशन अनेरिया, लीला कांडपाल, मनोज भट्ट, विजय आर्या, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

## अवैध देशी शराब के साथ दबोचा

**हल्द्वानी।** गुरूवार रात्रि काठगोदाम थाने में तैनात हेड कांस्टेबल सतनाम सिंह व कांस्टेबल रविंद्र राणा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस को देख भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बाल्मीकि मंदिर के पास दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 57 डिब्बे देशी शराब बरामद हुई। पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम सनी टम्टा पिता नंदकिशोर टम्टा निवासी नईबस्ती काठगोदाम बताया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

## वार्ड 12 में नाले-नालियों की सफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम के वार्ड-12 में नाले-नालियों की सफाई का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। यह



अभियान वार्ड पार्षद प्रीति आर्य और सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू की निगरानी में संचालित किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू ने बताया कि नाले-नालियों की समय पर सफाई न केवल गंदगी को कम करती है, बल्कि मौसमी बीमारियों के फैलाव को भी रोकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्वच्छता अभियानों से नागरिकों में जागरूकता बढ़ती है और वें अपने आस-पास के सफाई अभियान में स्वयं को भी शामिल करते हैं। यह अभियान जिलाधिकारी वंदना के निर्देश पर नगर निगम, सिंचाई विभाग और वन विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मानसून से पूर्व सभी नालों की सफाई और चौनलाइजेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ताकि जलभराव और बीमारियों से बचाव हो सके। वहीं नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान शहर के अन्य हिस्सों में भी चरणबद्ध ढंग से जारी रहेगा, जिससे मानसून के दौरान जल निकासी व्यवस्था बेहतर हो सके।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎05946-250286

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मायके से नहीं आई पत्नी तो फंदे पर झूल गया पति

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** लाख कोशिशों के बाद भी पत्नी के पिछले छह वर्षों से मायके से वापस न लौटने से परेशान व्यक्ति ने गत सायं मानसिक तनाव के कारण घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को फंदे से उतारकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



बताया जाता है कि ग्राम महराया लालपुर निवासी 36 वर्षीय सोहन सिंह पुत्र हरि सिंह मजदूरी कर परिवार का भरणपोषण करता था। वह दो भाईयों व दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी पत्नी सगन घरेलू विवाद के कारण पिछले करीब छह वर्षों से अपने मायके में रह रही थी। जिसे घर वापस बुलाने के लिए सोहन सिंह लगातार को. शिश करता रहा था, लेकिन वह ससुराल वापस नहीं लौट रही थी। बताया जाता है कि सोहन सिंह विगत दिवस पत्नी सगन को वापस बुलाने के लिए फिर ग्राम भूड़िया कालोनी सितारगंज स्थित अपनी ससुराल गया था, लेकिन उसकी पत्नी उसके साथ नहीं आई। गत सायं जब सोहन सिंह घर वापस पहुंचा तो काफी मानसिक तनाव में था। परिजनों ने बताया कि गत सायं सोहन ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने उसके कमरे में जाकर देखा जहां सोहन सिंह को फांसी पर लटका पाया गया। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और सोहन सिंह को फांसी से उतारकर चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सोहन सिंह की मौत की खबर मिलने पर उसकी पत्नी सगन भी यहां आ पहुंची।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बिहार बेतिया निवासी 30 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार पुत्र छट्टू शिमला पिस्तौर में परिवार संग रहते थे। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

धर्मेंद्र के जीजा शोभित ने बताया कि गुरुवार देर रात तक धर्मेंद्र अपने घर के दूसरे कमरे में बैठा था। जबकि उनकी पत्नी और बच्चे बगल के कमरे में सोने चले गए। वहीं शुक्रवार सुबह पत्नी कमरे में गई और देखा कि धर्मेंद्र का शव बल्ली में गमछे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। सूचना पर धर्मेंद्र के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची।

एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या कर लगा रहा है।

# जर्जर सड़क के विरोध में लोनिवि पर प्रदर्शन

■ 15 जून से कार्य शुरू करने का मिला लिखित आश्वासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र की झील से लेकर शिवनगर चामुंडा मंदिर तक सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश आखिरकार फूट पड़ा। शुक्रवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं ट्रांजिट कैंप लघु उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया और विभागीय अधिकारियों का घेराव किया।



प्रदर्शनकारियों ने बताया कि विगत कई वर्षों से उक्त मार्ग की हालत बदतर होती जा रही है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इससे पूर्व भी स्थानीय नागरिकों ने धरना देकर लोनिवि अधिकारियों से 15 दिनों में सड़क निर्माण शुरू करने का वादा लिया था, लेकिन तय अवधि बीत जाने के बावजूद कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, जिससे लोगों में रोष और बढ़ गया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा झील से शिवनगर तक की सड़क वर्षों से जर्जर हालत में है। सड़क की बदहाली से आमजन को परेशानी हो रही हैं। विभाग ने पहले भी वादा किया था, लेकिन उसे निभाया नहीं गया। अब यदि समय पर कार्य शुरू नहीं होता, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

लगातार बढ़ते विरोध को देखते हुए लोनिवि के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार एवं सहायक अभियंता प्रेम प्रकाश ने प्रदर्शनकारियों को लिखित में आश्वासन दिया कि 15 जून तक सड़क निर्माण कार्य हर हाल में प्रारंभ कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य का अनुबंध पहले ही गठित हो चुका है और ठेकेदार को निर्देशित किया गया है कि वह तय समयसीमा के भीतर कार्य आरंभ करे।

धरना प्रदर्शन में ललित सिंह बिष्ट, राम सिंह, गजेन्द्र सिंह, कमल कुमार, विष्णुपद, धर्मवीर, मुकेश कुमार राय, कृष्ण अवतार, सतीश, अनूप, नरोत्तम दास, मोहित सोनकर समेत अनेक स्थानीय निवासी मौजूद रहे। लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया, लेकिन स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 जून तक कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# बॉर्डर पर चला सघन चेकिंग अभियान

■ चेकिंग करते समय बिना नम्बर की संदिग्ध थार की सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** आईजी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा रामपुर सीमा पर सघन वाहन चेकिंग की जा रही है।

दस दौरान संदिग्ध वाहनों, काली फिल्म लगे वाहन समेत संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वाहन चेकिंग करते समय बिना नम्बर का एक थार वाहन आता दिखाई दिया। जिसे रोककर पुलिस टीम ने चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। संदेह होने पर जब पुलिस टीम ने उक्त वाहन की तलाशी ली तो गाड़ी के अन्दर से रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाहन के अंदर रखीं हुई थी जो पंजाब राज्य की थी। जबकि वाहन आठ हजार से अधिक किलोमीटर चल चुका है।

वाहन चला रहे व्यक्ति ने पुलिस को गुमराह किया कि वाहन का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। पुलिस ने चालक को अपनी हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है, जबकि थार वाहन को सीज कर दिया गया। पुलिस टीम में एसएसआई नवीन बुधानी, बाजार पुलिस चौकी प्रभारी जितेन्द्र कुमार खत्री, एसआई दीपक बहुगुणा, एसआई नवीन जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# शासनादेश के बिना सिडकुल क्षेत्र में बना दिया गया विद्युत उपखंड कार्यालय

■ सिडकुल में बनाए गए विद्युत उपखंड कार्यालय को वापस सितारगंज में स्थापित करने को लेकर पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना ने भेजी चिट्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** भाजपा पूर्व विधायक डा.प्रेम सिंह राना ने उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन रुद्रपुर विद्युत वितरण क्षेत्र ऊधमसिंह नगर के मुख्य अभियन्ता को सिडकुल क्षेत्र में स्थानान्तरित किए गए सितारगंज के उपखण्ड कार्यालय को वापस सितारगंज में स्थापित करने को लेकर चिट्ठी लिखी है।



शुक्रवार को दैनिक शाह टाइम्स कार्यालय पहुंचे भाजपा पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना ने बताया कि उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा उपखण्ड कार्यालय को सितारगंज शहर से सिडकुल सितारग. ंज में संचालित किया जा रहा है। बताया कि पूर्व में ही नानक. मता क्षेत्र की जनता के लिए सितारगंज का कार्यालय दूरी में स्थित था, परन्तु वर्तमान में सितारगंज से लगभग 10 से 15 किलो मीटर दूरी पर बिना किसी शासनादेश के संचालित किया जा रहा है जो कि नानक. मता के सुदूर गांवों से लगभग 35-40 किलो मीटर दूर हो गया है। नानकमता क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि है अधिकांश जनता अत्यन्त गरीब, मजदूर, किसान व छोटे व्यवसायी हैं जिन्हे विद्युत कनैक्शन व विल सम्बन्धित कार्यों हेतु नये उपखण्ड कार्यालय सिडकुल जाने व वहां से खण्ड कार्यालय आने में समय व पैसों दोनों की बर्बादी हो रही है। जैसा कि पूर्व में उपखण्ड व खण्ड कार्यालय एक ही बिल्डिंग में थे जिससे उपखण्ड कार्यालय से काम होने के पश्चात फाईल पत्र खण्ड कार्यालय ले जाने में या खण्ड स्तर के अधिकारी से मिलने में समय की बर्बादी नहीं होती थी। कई बार बिल व अन्य कार्य हेतु उपखण्ड से खण्ड एंव खण्ड से उपखण्ड जाना पड़ता है। वर्तमान में दोनों कार्यालय आपस में लगभग 10-15 किलो मीटर दूरी पर होने से अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व विधायक ने पत्र में कहा है विभाग द्वारा इस प्रकार से कार्यालय को स्थानान्तरित किया जाना किसी भी प्रकार से लोकहित में नहीं है। उन्होंने कहा हैं घ्की जानकारी में आया है कि सिडकुल क्षेत्र के उपभोक्ताओं के विलिंग सम्बन्धित समस्त कार्य खण्ड कार्यालय स्तर जो कि सितारगंज में ही है, वहां से किए जाते है सिडकुल के उपभोक्ताओं के विलिंग व अन्य कार्य उपखण्ड स्तर के नही होते है फिर भी सिडकुल क्षेत्र में कार्यालय स्थानान्तरित कर संचालित करना किसी भी प्रकार से औचित्यपूर्ण एंव उचित प्रतीत नही होता है।

उक्त कार्यालय को जनहित व लो. कहित में पूर्व की भांति ही संचालित करवाएं। पूर्व विधायक राना ने एक पत्र अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल टनकपुर व अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज को भी भेजा है।

## एक नजर

### भाजपा नेत्री की दुकान में हुई चोरी के खुलासे की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** भाजपा की नगर उपाध्यक्ष नीलू गुप्ता के प्रतिष्ठान में हुई चोरी के खुलासे की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक खटीमा से मुलाकात की।



चार दिन पूर्व भाजपा नेत्री नीलू गुप्ता के प्रतिष्ठान पर चोरों द्वारा ताला तोड़कर सामान और नगदी की चोरी की गई थी। जिस मामले में कार्यवाही में विलंब होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चोरी का शीघ्र खुलासा करने की मांग की। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा। भाजपा के पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा ने रात्रि गश्त बढ़ाने, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल ने मेलाघाट रोड पर प्रतिदिन बाहरी मजदूरों की वजह से लगने वाली जाम की समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने उक्त समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, मनोज वाधवा, संतोष अग्रवाल, सतीश गोयल, नवल वाल्मीकि, राजेश गुप्ता, विजय गुप्ता, विवेक रस्तोगी, आशीष अग्रवाल, आशीष श्रीवास्तव, राजेश बाटला तथा अजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### पेंशन का भुगतान यथाशीघ्र करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने विगत तीन माह का पेंशन यथाशीघ्र भुगतान करने की मांग की।



उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में राज्य आंदोलनकारियों ने खटीमा एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट के माध्यम से जिला अधिकारी को एक ज्ञापन प्रेषित कर कहा कि विगत तीन माह से पेंशन का भुगतान न किए जाने से राज्य आंदोलनकारियों को आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है। वहीं राज्य आंदोलनकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से यथाशीघ्र विगत तीन माह का पेंशन भुगतान करने की मांग की। ज्ञापन में आलोक गोयल, विक्रम सिंह, तरुण ठाकुर, पुष्कर दत्त शक्टा, किशन सिंह बिष्ट, संतोष गौरव, हरीश चंद्र जोशी तथा राज कुमार आदि के हस्ताक्षर थे।

### हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर एसएसपी कार्यालय में प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** विवाहिता के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज पीलीभीत के लोगों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर सांकेतिक विरोध किया और एसएसपी ज्ञापन सौंपकर नामजद आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की।

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में पीलीभीत के दर्जनों लोग एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने सितारगंज पुलिस के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए सांकेतिक विरोध किया। इस दौरान एसएसपी को ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में नगरिया खुर्द पीलीभीत निवासी समीर मल्लिक ने बताया कि उसकी पुत्री की बीते दिनों ससुरालियों ने सितारगंज में हत्या कर दी थी। मामले में सितारगंज थाने में 6 आरोपियों के खिलाफ 3 जून को मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। लेकिन पुलिस अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। उन्होंने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। इस दौरान पीड़ित परिवार के साथ संजीत मंडल, सतीश मल्लिक, जमुना गाईन, साहिबा विश्वास, देवकी मल्लिक, बिलाल मण्डल, अमित कुमार, भोला, आकाश, कपिल, प्रदीप, कालू, राकेश, चंदन, अनिल, कररण, राजेश, सुनील, राजेश कुमार, मुकेश, सरोज, प्रतिमा, गीता, गोविंद विश्वास, ओमप्रकाश मंडल, सोनाई गाईन, निताई राय, गौर राय, ब्रजेन मंडल, सूरज अधिकारी, हरियांद अजय सरकार, विनय विश्वास, साधन, विशाल मल्लिक, गोपाल मंडल सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### अमृत सरोवर की चारदीवारी और सफाई कराने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** नि. क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश कुमार ने एसडीएम डा. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत महेशपुरा में स्थित अमृत सरोवर की चाहरदीवारी और सफाई कराने की मांग की है। एसडीएम डा. अमृता शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

### बिना स्लाटर हाउस के काटे जा रहे पशु, कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नगर में स्लाटर हाउस न होने के बाद भी छोटे-बड़े जानवरों के कांटे जाने की जानकारी दी है। ज्ञापन में गुप-चुप तरीके से छोटे-बड़े पशु काटने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।



ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, कुमाऊं संगठन मंत्री विक्रम बिष्ट, महेंद्र सिंह राणा, बीना मिश्रा, अध्यक्ष भवानी सेना, शोभित सिंह, दीपक भारती, रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

# दस दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** विकास खंड के दूरस्थ गांव बग्घा में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में 27 मई 2025 से चल रहे दस दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। समर कैंप में प्रत्येक दिन अलग-अलग विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण गति. विधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने प्रत्येक दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में प्रतिभाग किया।




कैंप के माध्यम से प्रतिभागियों को कुमाऊंनी भाषा को समझने, सीखने, कुमाऊंनी रहन-सहन, वेशभूषा तथा प्रमुख कुमाऊंनी भोजन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं कैंप में प्रतिभागियों ने विभिन्न भाषाओं में देशभक्ति गीत, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्वच्छता कार्यक्रम तथा पर्यावरण संरक्षण आदि पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। समर कैंप के समापन दिवस पर पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने हेतु शपथ लिया गया तथा इस मौके पर प्रतिभागियों ने शानदार और आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रोचक और सफल बनाने का कार्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा, किशोर कुमार भीम प्रकाश मनोज कुमार गुणवंत, सौजन्य अग्रवाल तथा अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# पर्यावरण के संरक्षण को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय पर्यावरण क्लब द्वारा आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को लेकर निबंध एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पंकज कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर दिया गया। इसके उपरांत डॉक्टर मनीष बेलवाल तथा डॉक्टर रेखा पांडे द्वारा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। पर्यावरण क्लब की संयोजिका डॉक्टर अंजना चंदोला द्वारा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा प्लास्टिक जनित प्रदूषण को समाप्त करने का संकल्प दिलाया गया।

वहीं प्राचार्य द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों कुमारी कशिश, कुमारी नीलम, चंद्रकला, नीरू सिंह, महक राणादीप. ंकर को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय को पौधा रोपण हेतु नीम, हरण एवं अमरूद के पौधे भेंट किए गए। इस मौके पर डा. आशुतोष कुमार, डा. रीना सिंह, डा. बृजेश सिंह, डा. गिरधर जोशी, डा. रेखा देव, डा. नमिता सामंत तथा डा. संध्या भट्ट आदि मौजूद रहे।

# सीएम पर्यावरणीय संतुलन एवं हरित क्रांति को दे रहे हैं प्राथमिकता: शुक्ला




शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर्यावरणीय संतुलन और हरित विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता इस दिशा में जन-जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व भाजपा विधायक राजेश शुक्ला की अगवाई में भाजपा मंडल इकाई द्वारा पीएम श्री राजकीय हाई स्कूल परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। पूर्व विधायकशुक्ला ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर परिसर में दो दर्जन से अधिक पौधे रोपे। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पीपल, नीम, अर्जुन, बेल, अमरूद समेत छायादार, फलदार और औषधीय प्रजातियों के पौधे लगाए गए। श्री शुक्ला ने कहा कि अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाना एवं भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक प्रतीकात्मक दिवस नहीं, बल्कि यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। कार्यक्रम में गोल्डी गोराया, धर्मराज जायसवाल, संदीप अरोड़ा, दिलीप सिंह जीना सुरेंद्र चौधरी, संजीव खन्ना, देवेंद्र शर्मा, मुकेश कोली, मलकीत सिंह, अमरनाथ कश्यप, प्रताप सिंह, मूलचंद राठौर, धनीराम, रमन कोली, दिलीप जीना, आरती दुबे, कविता मान, शैली फुटेला, सुनीता गंगवार, मधु गुप्ता, अंजनी सोनी, गुलशन कुमार आदि थे।

## पूर्व विधायक ठुकराल को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का गुरुवार को आदर्श कालोनी वार्ड नंबर 30 और 36 के लोगों ने बीते दिनों शराब की दुकान को बंद कराए जाने को लेकर अभिनंदन कर उन्हें तलवार भेंट कर सम्मानित किया। पार्षद जितेश कुमार एवं गौरव खुराना के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को पगड़ी पहनाकर फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक कहा कि भले ही वह आज किसी पद पर नहीं है लेकिन क्षेत्र की जनता के लिए वह आधी रात को भी खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जनता के साथ अन्याय किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। वार्ड की जनता ने मिलकर जो लड़ाई लड़ी उसका नतीजा है कि आज शराब की दुकान यहां नहीं खुल पायी है। इस मौके पर पार्षद जितेन्द्र शर्मा, पार्षद गौरव खुराना, राजीव चावला, प्रकाश चन्द्र शर्मा, मनोज आर्य, गौरव कुशवाहा, केहर सिंह, अमित, सुरेन्द्र कुमार, कमल चुघ, मोहन सिंह, परवीन कुमार, गिरीश चन्द्र तिवारी, राम सिंह यादव, गीता, लक्ष्मी, कमला, तनुजा, चन्द्रा देवी, बसंती पाण्डेय, बीरा देवी आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** उत्तराखण्ड बहुउद्देशीय वित्त और विकास निगम उत्तराखण्ड सरकार के सहयोग एवं विजन एजुक. ेशनल एण्ड सोशल डेवलपमेंट सोसायटी बाजपुर के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्यूदय योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के 60 बेरोजगार युवक/ युवतियों को कोर्स ऑन कम्प्यूटर कान्सेप्ट (सीसीसी ट्रेड) में दिए जाने वाले पांच माह के नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखण्ड राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति उपयोजना कार्यान्वयन एवं अनुश्रवन समिति के सदस्य महेन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया।

उत्तराखण्ड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम उधमसिंह नगर के सहायक प्रबन्धक पूरन सिंह बिष्ट द्वारा प्रशिक्षण एवं विभाग द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। केन्द्र प्रबन्धक धर्मवीर सरना द्वारा प्रशिक्षण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये सभी प्रशिक्षर्थियों को नियमित रूप से सेंटर पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने एवं प्रशिक्षण का लाभ लेने का आह्वान किया। इस मौके पर सहायक समाज कल्याण अधिकारी नगमा परवीन, नेहा जोशी, राजेन्द्र कुमार, देव सिंह, नीरज गोला, प्रमोद जोशी, अभिषेक, सिमरन कौर आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम भवानीपुर पंजाबी में चलाया वृक्षारोपण कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ग्राम भवानीपुर पंजाबी में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर सांसद प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत और भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे बहुत जरूरी है। पेड़ पौधे हमे ऑक्सीजन,फल,छाया आदि देते हैं। कहा कि सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा फलदार और छायादार पौधे लगाने चाहिए।

इस दौरान सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत,मंडल महामंत्री कपिल रावत, गौरव धौलाखंडी , शक्ति केंद्र संयोजक धर्मवीर शर्मा , शक्ति केंद्र संयोजक अर्जुन रावत, मंडल मंत्री यशपाल, मंडल उपाध्यक्ष हरिओम, पुरुषोत्तम , दीपा ध्यानी, मान सिंह , कमल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# फड़ ठेला व्यवसायियों ने एसडीएम का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

■ व्यवसायियों ने हटाए जाने से पूर्व उनकी व्यवस्था करने और उनका रजिस्ट्रेशन करने के लिए ईओ को किया निर्देशित

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। प्रशासन द्वारा बाजार में लगने वाले फड़ ठेला हटाये जाने पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रेम सिंह यादव की अगुवाई में आक्रोशित फड़ ठेला व्यवसायियों ने एसडीएम डा. अमृता शर्मा का घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।



फड़ ठेला व्यवसायियों ने उन्हें हटाये जाने से पूर्व एक जगह चयनित दिए जाने की मांग की। जिस पर एसडीएम ने ईओ मनोज कुमार दास को फड़ ठेला व्यवसायियों की व्यवस्था करने और उनका रजिस्ट्रेशन करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही फड़ ठेला व्यवसायियों से दैनिक तहबाजारी करने वाले ठेकेदार द्वारा रसीद न देने की शिकायत पर उसका स्पष्टीकरण लेने को कहा। एसडीएम डा. अमृता शर्मा ने नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि व्यापारी अपनी दुकानों के आगे सामान न फैलाएं और न ही अपने वाहनों को खड़ा करें। वाहनों को पार्किंग में खड़ा करें व अन्य को भी वाहन पार्किंग में खड़ा करने के लिए प्रेरित करें। नगर में अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

ज्ञापन देने वालों में गोबरधन चन्द्रा, अभिषेक कश्यप, राजू चन्द्रा, चन्दन सक्सैना, सोहन लाल, राजेन्द्र, मुकेश, मेघराज, मोहन, लईक, भोलेनाथ, दौलतराम, जयप्रकाश, रियासत, विनोद शर्मा, गेंदाराम, ओमप्रकाश, राजपाल कश्यप, विकास सैनी, कृष्णा कश्यप, मनोज, प्रीतम, शंकर, रामू आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने लगाए पौधे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम बैलपड़ाव के सिंचाई डाक बंगले में कालाढुंगी विधायक बंशीधर भगत द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर हरेला पर्व वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधों का वृक्षारा. ेपण किया गया।विधायक द्वारा बताया गया कि यह वृक्षारोपण पर्व हरेला तक लगातार हर बूथ पर चलता रहेगा। जिसमें सभी को अपने अपने घरो के पास एक एक वृक्ष लगाने को कहा गया। इस अवसर पर भाजपा नेता विपिन कांडपाल,धर्म दत्त सती, कमलेश पाण्डे, भगवान तिवारी, मयंक तिवारी, सुरेन्द्र बोहरा, हेम पाठक, मोहन चन्द्र तिवारी, पिताम्बर तिवारी, अनिल काम्बोज, गंगा बिष्ट, हरिश काण्डपाल, राम दत्त बेलवाल, देवेन्द्र आर्या, चन्दन नेगी, दिवान सिंह बिष्ट, कृपाल सिंह, नरेन्द्र बिष्ट, विपिन बिष्ट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# विश्व पर्यावरण दिवस के पीछे का विचार एक सुंदर दुनिया बनाना: रावत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के निर्देशानसार विधिक जागरूकता अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस 15 दिन का पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें विधिक जागरूकता अभियान ओर वृक्षारोपण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

पीएलबी मित्र विजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को कोतवाली परिसर मे विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के तहत कोतवाल चेतन रावत, सब इंस्पेक्टर पूरन सिंह तोमर के द्वारा संयुक्त रूप से एक पौधा लगा कर लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस पर पृथ्वी को हरा भरा रखने,अधिक से अधिक पेड़ लगाने ओर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की लोगो से अपील की गयी। कोतवाल चेतन रावत ने अपने संबोधन में लोगों से अपील करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के पीछे का विचार एक सुंदर दुनिया बनाना है जो प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी से मुक्त हो जैसे प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना, अधिक पेड़ पौधे लगाना, पानी बचाना, पुनर्चक्रण करना और वन्य जीवों और जानवरों को बचाना कुछ ऐसे कदम है। जो हमें पर्यावरण की ओर ले जाते हैं। हमें हमेशा अपनी गति. विधियों के प्रति सचेत रहना चाहिए। और अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखने का प्रयास करना चाहिए। हमें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करनी चाहिए। और उनका कुशलता पूर्वक सावधानी से उपयोग करना चाहिए हम सब मिलकर एक सुंदर स्वस्थ वातावरण बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कोतवाली परिसर में भी 15 औषधि एवं फलदार पौधे रोपित किए गए हैं। इस दौरान पीएलवी अधिकार मित्र शमशाद बानो, रीता कनौजिया, इजहार अली, प्रियंका पचोली सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# जिला विकास प्राधिकरण के नोटिस देने पर भड़के लोग

■ **ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जिला विकास प्राधिकरण द्वारा रामनगर के राजस्व ग्राम पुछडी में कई ग्रामीणों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के बाद ग्रामीणों में जहां एक और दहशत का माहौल बना हुआ है तो वही प्राधिकरण की कार्रवाई को लेकर विरोध भी बढ़ने लगा है। इसके विरोध में शुक्रवार को इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी प्रधान हज्जन नरगिस और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी के नेतृत्व में रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।



विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद प्राधिकरण के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राधिकरण द्वारा जो नोटिस देने की कार्रवाई की गई है उसमें यदि एक्ट में संशोधन करने की आवश्यकता होगी तो शासन स्तर पर वार्ता करने के साथ ही इस मामले से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अवगत कराते हुए ग्रामीणों को राहत प्रदान की जाएगी वही प्रधान प्रति. निधि हाजी शकील अहमद शकील अंसारी ने बताया कि 25 मार्च 2021 से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में भवनों का नक्शा बनाने का अधिकार ग्राम प्रधानों को दिया गया था।उन्होंने बताया कि आज प्राधिकरण द्वारा कारण बताओं नोटिस देने की कार्रवाई की गई है उससे ग्रामीण काफी चिंतित हैं उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा जिन लोगों द्वारा अपने प्लॉट पर छप्पर डाला गया है उन्हें भी नोटिस दिया गया है।उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में रहने वाले अधिकांश लोग गरीब और मजदूर तबके से हैं।किसी तरह से गुजर बसर कर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्राधिकरण द्वारा अपनी इस कार्रवाई को नहीं रोका गया तो इसका विरोध किया जाएगा तो वहीं उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा जो नोटिस दिया गया है उसका जवाब भी देने की कार्रवाई की जा रही है फिलहाल प्राधिकरण की कार्रवाई को लेकर इस क्षेत्र के ग्रामीणों में रोष बढ़ने लगा है। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर ग्रामीणों को जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी प्रधान हज्जन नरगिस, प्रधान प्रति. निधि हाजी शकील अहमद अंसारी, भाजपा नेता अनवर मलिक, जुल्फिकार कुरैशी, मोहम्मद जावेद, नफीस अहमद, शमशेर, सरफराज, मनोज कुमार, नासिर, अब्बास अली, सायरा बानो, नसरीन जहां, सलीम, नईम,भूरा, मोहम्मद कासिम, मकसूद आदि सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### नाम निर्वाचक नामावली में छूटे पात्र मतदाता अभी भी जुड़वा सकतें हैं नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़ ।** अपर जिलाधिकारी /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पं.) योगेन्द्र सिंह ने बताया है कि जनपद पिथौरागढ़ में स्थित आठ विकास खण्डों में आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के लिए पंचायत निर्वाचक नामावलियों में नाम खोजने की सुविधा राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के मतदाता सूची पोर्टल secvoter.uk.gov.in पर उपलब्ध करा दी गई है। पंचायतों के मतदाता अपना नाम आयोग के उक्त पोर्टल पर ष्पंचायत मतदाता खोजेंष पर क्लिक कर खोज सकते हैं। आयोग द्वारा घर-घर जाकर कराये गये विस्तृत पुनरीक्षण के अनुसार दिनांक 17.01.2025 को अन्तिम रूप से प्रका. शित निर्वाचित नामावली में अंकित मतदाताओं के नाम खोजे जा सकते हैं। जिन मतदाताओं के नाम कतिपय कारणों से निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशन में सम्मिलित होने से रह गये थे उन मतदाताओं के नाम आयोग द्वारा 01.03.2025 से दिनांक 22.03.2025 तक जनपद में स्थित समस्त ग्राम पंचायतों में ग्रामवार बैठक बुलाकर निर्वाचक नामावली प्रकाशित करने हेतु चलाए गए विशेष अभियान के समय व उसके बाद भी ग्राम पंचायत के संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (वार्ड) की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने हेतु उपलब्ध कराए गऐ आवेदनों पर आयोग से स्वीकृति प्राप्ति के बाद उक्त पोर्टल पर खोजे जा सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जनपदों के माध्यम से प्रयास किये गये है कि किसी भी पात्र निर्वाचक का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से ना छूटे तथापि अभी भी पात्र मतदाता अपने निकटतम विकास खण्ड अथवा तहसील कार्यालय में प्रपत्र भरकर नाम जोड़ने / संशोधन करने हेतु आवेदन कर सकते हैं।

### सिलाई सेंटर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सुचेतना समाज सेवा संस्था द्वारा फौजी मटकोटा में सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाना है। शुक्रवार को फौजी मटकोटा में सिलाई सेंटर का शुभारंभ सिलाई सेंटर का शुभारंभ सुचेतना कोऑर्डिनेटर सिस्टर शारदा और सिलाई टीचर मंजू और सपना ने किया। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के बारे में लोगों को बताया।

### टैक्सी चालक को मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** पूर्णागिरि मार्ग पर एक व्यक्ति ने एक टैक्सी चालक को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बुरी तरह से घायल चालक को काफी चोटें आई हैं। घायल टैक्सी चालक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को सौंपी तहरीर में पूर्णागिरि मार्ग पर (बूम से भैरव मंदिर) टैक्सी चलाने वाले प्रकाश सिंह महर ने आरोप लगाया कि गैंडाखाली के मोहित कनवाल ने दो बार उसकी लाठी-डंडे से पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि 4 जून की रात 8 बजे वह (प्रकाश) टैक्सी स्टैंड पर सवारी का इंतजार कर रहा था, इसी दौरान मोहित कनवाल आ धमका और उसके साथ गाली-गलौज की व डंडे से मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर वह चला गया। तहरीर में कहा गया है कि मोहित कनवाल ने फिर से 5 जून को दोपहर 1 बजे बूम शारदा घाट स्थित उसके किराये के कमरे में घुस लाठी डंडे से मारपीट की। इस हमले से उसके पांव, हाथ, सिर और गर्दन पर चोटें आई हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मोर्ा. हत कनवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### खेल-खेल में कठिन संबोधों को सीख रहे हैं छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** इतिहास जैसे कठिन और अमूर्त विषय को सिखाने के लिए शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय द्वारा खेल खेल में कठिन संबोधों को सीखाने का प्रयास किया जा रहा है। उपाध्याय आधुनिक सॉफ्टवेयर तथा एप्लिकेशन की मदद से सामाजिक विज्ञान, इतिहास तथा अन्य विषयों को मजेदार इंटरएक्टिव क्विज के रूप में तैयार करते हैं, जिसमें छात्र छात्राएं अत्यधिक रुचि लेकर विषय की बारीकियों को आत्मसात करते हैं, इसी का परिणाम है कि उनके विषय में अधिकांश छात्र छात्राएं सदैव शत प्रतिशत परीक्षाफल के साथ ही विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण होते हैं। उपाध्याय का कहना है कि परम्परागत पठन पाठन के तरीके को समय की मांग के अनुसार बदलना अति आवश्यकत है। इसलिए वे सदैव नवाचारी प्रयोग अपनाते रहते हैं। बच्चे इस प्रकार के गेम्स आदि को खेलकर आसानी से स्थाई ज्ञान प्राप्त करते हैं, जो कि उनके जीवन में सदैव काम आएगा।



### स्टॉल लगाकर अधिकारियों ने दी उपलब्धियां संबंधी जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत आज विकासखंड के खेतलसंडा खाम न्याय पंचायत के ग्राम मुंडेली में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी -अपनी उपलब्धियां संबंधी स्टॉल लगाकर जानकारियां दी। शि. विर में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों ने कृषि संबंधी आधुनिक जैविक तथा प्राकृतिक कृषि संबंधी जानक. ारियां दी। 29 मई से 6 जून तक विकासखंड के विभिन्न 20 ग्रामों में शिविर आयोजित किए गए। ग्रामों मुड़ेली में आयोजित अंतिम शिविर में कृषि वैज्ञानिकों ने उन्नत कृषि संबंधित जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब देकर उनका समाधान किया। समन्वयक विकासखंड प्रभारी कुंदन सिंह मनोला ने शिविर में उपस्थित किसानों से कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताए गए तरीके से कृषि लाभ लेने की अपील की। इस दौरान 400 हेक्टेयर प्राकृतिक खेती तथा 400 हेक्टेयर जैविक खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया। इस दौरान जिला भूमि संरक्षण अधिकारी विधि उपाध्याय, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी अर्पिता कांडपाल, डा. श्वेता, डा. अजय प्रभाकर, पंतनगर विश्वविद्यालय डा. मीना अग्निहोत्री, कृषि संचार विभाग, संदीप कुमार सहायक कृषि अधिकारी, तापस मंडल आत्मा परियोजना, पूर्व ग्राम प्रधान राम रेसर सिंह राणा आदि मौजूद थे।



# भाजपा के आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर सौंपी जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी की अध्यक्षता में आयोजित जिला कार्यशाला विकसित भारत अमृत काल से सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पर आयोजित किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता काशीपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन सुखेजा, जिला प्रभारी कुंदन परिहार, विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, दर्जा मंत्री गणेश भंडारी, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, प्रशासक जिला पंचायत दिपीका बोहरा, ब्लाक प्रमुख धन सिंह धामी, बबीता चुफाल, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष राजेन्द्र रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्र बोहरा, विरेन्द्र शाह, ललित पंत, महीमन कन्याल, कोपरेटिव अध्यक्ष मनोज सामंत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोमल मेहता, जिला मीडिया प्रभारी रघुवीर सिंह बिष्ट, संचालन जिला महामंत्री दीपक कार्की ने किया। सत्र के दौरान चुफाल ने सरकार के 11 सालों के जनकल्याणकारी योजनाओं से कार्यकर्ताओं को बताया कहा कि सभी सम्मानित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जन जन तक गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार करने को कहा मुख्य वक्ता द्वारा 10 जून से 25 जून तक संचालित कार्यक्रमों की रूपरेखा रखीं, जिसमें 10, 11 जून को प्रेस वार्ता का आयोजन, 10,11 केन्द्र सरकार की 11 सालों के जनकल्याणकारी योजनाओं का सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 10,11 को व्यवसायीक सम्मेलन, 12 जून को प्रत्येक मंडल में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन कर केन्द्र सरकार के विक. सित भारत पर 11 सालों की उपलब्धि को प्रत्येक बूथ स्तर तक, 15,17 जून तक विकसित भारत सभा का आयोजन ग्राम चौपाल का आयोजन, 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 25 जून आपातकाल पर लघु फिल्म के द्वारा प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी व प्रत्येक कार्यक्रम के लिए संयोजक सहसंयोजक को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी ने कहा कि सभी सम्मानित पदाधिकारि व कार्यक्रमों के संयोजक आपसी सहयोग से कार्यक्रमों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे।

# प्रशिक्षणरत 55 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने बेल्ट परीक्षा पास की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड ताइक्वाडों एसोसिएशन के तत्वावधान व जिला ताइक्वाडों एसोशिएशन पिथौरागढ़ के समन्वय से विगत माह 55 ताइक्वाडों प्रशिक्षणार्थियों बेल्ट ग्रेडिग परीक्षा पास कर अगले चरण में प्रवेश किया। जिले के होनहार ताइक्वाडों प्रशिक्षणार्थियों उपलब्धियां निम्नानुसार है।



येलो बेल्ट विजेता- शिवम फर्स्वाण, सौरभ उपरारी, गीतिका, वंश थापा, प्रियंक, तन्मय सिंह, जोयल मनी, मानस भण्डारी, दीपिका बिष्ट, जीत कुमारी, तान्या जोशी। ग्रीन बेल्ट विजेता- प्रिन्स यादव, लक्षिमा वर्मा, श्रेया वर्मा, तरूण सिंह खड़ायत, नावेद खान, अतुल्य त्रिपाठी, मनीष मेहता, रोही वल्दिया, तुषारा श्रेष्ठ, मनीषिका, आरध्या विश्वकर्मा, नक्ष टम्टा, सोमी तड़ागी, शौर्य तड़ागी,हर्षित रावल, अंकित धामी, हर्षिता खत्री। ग्रीन वन बेल्ट विजेता- रोशनी बिष्ट, प्रियंका बसेड़ा, दिव्याशी वल्दिया, दीपक धामी, आयुषी जोशी, मुस्कान सामन्त। ब्लू बेल्ट विजेता-शिवम दुग्ताल, साकेत चंद, प्रियांशी बोरा, चिरजीवी सामन्त, ध्रुव सिंह। ब्लू वन विजेता- प्रियांशु बोहरा, काव्यांश अधिकारी। बेल्ट विजेता समस्त खिलाड़ी श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, टकाना पिथौरागढ़ में ताइक्वाडों प्रशिक्षक मनोज रावत से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि पहली बार सीमांत जनपद के ताइक्वाडो प्रशिक्षणार्थियों 55 बेल्ट अर्जित की हैं। उपरोक्त खिलाड़ियों का उदेश्य भविष्य में ब्लेक बेल्ट जीतकर जनपद का नाम रोशन करना है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट, लीलावती जोशी, सुनीता मेहता, निखिल महर ने ताईक्वाडों प्रशिक्षाणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कै. देवी चंद, जर्नादन सिंह वल्दिया, राजेन्द्र सिंह जेठी, प्रकाश जंग थापा, जगत सिंह महरा, गौरव चन्द्र जोशी, पंकज भट्ट, सुनील प्रसाद, भावेश भट्ट, चन्द्र सिंह धामी, विशाल नगरकोटी आदि जनपद के समस्त खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त कर खिलाडियों को शुभकामनायें प्रेषित की।

# मानसून से पहले नगर पालिका प्रशासन की युद्ध स्तर पर तैयारी

■ **मानसून से पहले जलभराव से निजात को लेकर हर संभव प्रयास रहेगा जारी: जोशी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगरीय क्षेत्र में बीते वर्ष बरसात के सीजन में आई भीषण बाढ़ आपदा से सबक लेकर इस वर्ष नगर पालिका मानसून सीजन से पहले ही अलर्ट मोड में बनी हुई है।

नगर के आस पास के नदी नालों की सफाई व्यवस्था को लेकर पूर्व से ही जहां दो जेसीबी लगातार नगर के बरसाती नालों की सफाई व्यवस्था में जुटी हुई थी। वहीं अब शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा नालों की बेहतर सफाई व्यवस्था हेतु लगभग साठ लाख की लागत से पोकलैंड मशीन की खरीद कर नगर के नालों की सफाई कार्य में झोंक दिया गया है ताकि मानसून से पहले नगर के नदी, नाले व नालियों की सफाई हो सके।



नई पोकलैंड मशीन की पूजा अर्चना के साथ नगर पालिका के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी द्वारा भूड़ क्षेत्र में नाले की सफाई व्यवस्था को पोकलैंड के माध्यम से शुरू किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पालिका प्रशासन बीते तीन माह से नगर के नदी नालों की सफाई व्यवस्था में जुटा हुआ है ताकि मानस. ून सीजन में जलभराव या बाढ़ आपदा जैसे हालातों से निपटा जा सके। नगर पालिका चेयरमैन जोशी के अनुसार दो जेसीबी के माध्यम से नगर के नालों की सफाई व्यवस्था को जहां बीते तीन माह से लगातार जारी किया गया है।

वहीं शुक्रवार को नगर पालिका प्रशाशन द्वारा खरीदी गई पोकलैंड मशीन से नगर के भूड़ व कंजाबाग क्षेत्र में नालों की सफाई व्यवस्था को शुरू किया गया। मानसून सीजन से पहले नालो की सफाई का युद्ध स्तर पर अभियान जारी है।

इसके अलावा नगर की नालियों की सफाई को लेकर पर्यावरण मित्रों की टोलियां लगातार कार्य कर रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी ने नगर की जनता से पालिका प्रशाशन की सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की भी अपील की ताकि मानसून सीजन से पहले नगर के नालो की सफाई व्यवस्था को समय रहते पूरा किया जा सके।

इसके अलावा प्रशाशन से अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही की भी चेयरमैन जोशी द्वारा बात कही गई जो कि सफाई व्यवस्था में लगातार बाधक बन रहे है। चेयरमैन जोशी ने नगर को स्वच्छ, खूबसूरत व आदर्श नगर पालिका बनाने के संकल्प को जन सहयोग के बल पर पूरा करने की बात कही।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी मनोज बाधवा, राहुल सक्सेना, लक्ष्मण सिंह भंडारी, असलम अंसारी, नफीस अहमद, अर्पित कॉलोनी, अजहर सिद्दीकी, दीपक सामंत, शुभम पटवा तथा करन यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा पर लगाया अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीवीआईपी, विधायक को बचाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के विभिन्न जन संगठनों ने उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा को तब तक अधूरा बताया। जब तक स्पेशल सर्विस की डिमांड करने वाले तथाकथित वीवीआईपी, सबूत मिटाने वाली यमकेश्वर विधायक को बचाने वाली भाजपा सरकार को उत्तराखंड की जनता सत्ता से बेदखल नहीं कर देती।

शुक्रवार को लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव व राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी के संच. ालन में आयोजित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार की दिशा निर्देश पर प्रशासन ने स्पेशल सर्विस की डिमांड करने वाले और सबूत नष्ट करने वाली यमकेश्वर विधायक को जांच में शामिल न कर उनको सुरक्षित बचाने का काम किया है, जिसके कारण न्यायालय द्वारा दी गई सजा अधूरी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्दी ही प्रदेश के विभिन्न संगठनों से बातचीत कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में लचर कानून व्यवस्था पर चिंता जताई और सामाजिक सौहार्द को चुनौती बने अराजक तत्वों, संगठनों और सोशल मीडिया में नफरत फैला रहे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलने का निर्णय लिया है। इस दौरान रोहित रुहेला, सरस्वती जोशी, कौशल्या, चंद्रशेखर जोशी, नवीन तिवारी, टीके खान, केएसआर टम्टा, आसिफ, सुनील परनवाल आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका के अस्थायी ट्रंचिंग ग्राउंड का विरोध





■ **मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी को घेरा**
■ **अविलंब ट्रंचिंग ग्राउंड हटाने की उठी मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम पहेनियां एवं सुजिया महोलिया सीमा पर चल रहे नगर पालिका के अस्थाई ट्रंचिंग ग्राउंड से पहेनियां, सुजिया महोलिया एवं कुमराहा के ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। भीषण गर्मी के चलते ट्रंचिंग ग्राउंड की सड़ांध, तेज हवा के साथ दूर तक फैलने लगी है। ट्रेंचिंग ग्राउंड के विरोध में क्षेत्र के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जमकर विरोध करने लगे। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंची टीम को जमकर खरी खोटी सुनाई और कहा कि नगर पालि. का का कूड़ा उनके कृषि योगी भूमि को बंजारा करने लगा है।

ट्रेंचिंग ग्राउंड में ब्लड अस्पतालों की सिरिंज, सादे कपड़े, प्लास्टिक आदि तमाम कचरा उनकी परेशानी का कारण बन चुका है। उनके लगातार प्रयास के बाद भी इस स्थान से अस्थाई ट्रेंचिंग ग्राउंड नहीं हटाया जा रहा है। बाद में मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट का ग्रामीण महिलाओं ने घेराव किया और यहां से ट्रंचिंग ग्राउंड हटाने की मांग की। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे कूड़ा वाहनों को वापस लौटा दिया। मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी बिष्ट ने बमुश्किल स्थिति सामान्य बनाई। उन्होंने ट्रंचिंग ग्राउंड के विरोध में ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। लालकोठी से पहेनियां की ओर जाने वाली सिंचाई नहर नंबर दो के पहेनियां व सूजिया महोलिया सीमा पर सरकारी भूमि है। निवर्तमान ग्राम प्रधान संजीत सिंह राणा ने बताया कि गत वर्ष डाले जा रहे कूड़े का ग्रामीणों ने विरोध किया था, लेकिन तब उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था। जिसके विरोध में जनजाति आयोग अध्यक्ष लीलावती राणा, पूर्व प्रधान महात्मा मौर्य, भुवन राणा आक्रोशित ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला से संपर्क करना चाहा, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ग्रामीणों ने अस्थाई ट्रंचिंग ग्राउंड हटाने बाबत ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने एसडीएम बिष्ट का घेराव भी किया। एसडीएम बिष्ट के उचित कार्रवाई के आश्वासन पर स्थिति सामान्य बनी।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि नगर के बीस वार्डों की गंदगी यहां डाली जा रही है। बरसात में यह कूड़ा कृषि योग्य भूमि पर फैलता है। कई किसानों ने यह भी बताया कि प्लास्टिक के कचरे से उनकी फसल बर्बाद होने लगी है। इस दौरान मनीष पंत, रजिस्टर कानून गो ऋषि पाल राजकुमार, राजस्व उप निरीक्षक गुड़िया, संजय कुमार, अनिल कुमार थे। विरोध करने वाले ग्रामीणों में रामनाथ, गुरप्रीत सिंह, रामदास सिंह, अविनाश, बलदेव सिंह बिल्ला, शिवराज बोरा, सुभाष सिंह, त्रिला. चन, कृष्णा, लवली, नरेंद्र, उमेश सिंह, हरिओम, रवि, पंकज, मनोज, कमला देवी, सुमित्रा, शिव कुमारी, छोटी देवी, सोनम, श्यामा देवी, उर्मिला, बाधू सिंह आदि मौजूद थे।

# महिलाओं ने अब पूर्वजों की विरासत नौलों की सफाई का शुरू किया अभियान

■ **पिरूल ब्रिकेट की लगातार मांग बढ़ने से अब महिलाओं को जरूरत हो गई है बड़ी क्षमता की मशीन की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** यूकास्ट द्वारा जंगलों की आग का मुख्य कारक बने पिरूल को महिलाओं की आमदनी का माध्यम बनाने से वह खासी उत्साहित है। महिलाओं के द्वारा तैयार किये जा रहे ब्रैकेट्स को देखने के लिए लोग लगातार यहां आ रहे हैं। इस कार्य में उज्जवला महिला ग्राम संगठन से जुड़ी महिलाओं के कार्यो की काफी प्रशंसा मिलने से वह अति उत्साहित हो रही है।उनके उत्पादों की लगातार मांग बढ़ने से अब उन्हें अधिक उत्पादन देने वाली उच्च क्षमता की मशीन की तात्कालिक आवश्यकता हो गई है। इस बीच महिलाओं द्वारा पूर्वजों की विरासत कहे जाने वाले नौलों की सफाई का एक वृहद् अभियान भी शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत गांव के आधा दर्जन नौलो की सफाई एवं उसके आसपास झाड़ियां का कटान किए जाने से उसके पानी को बिल्कुल शुद्ध कर दिया है। जिसका लोक अब स्वयं उपयोग करने लगे हैं।



इधर उजाला महिला ग्राम संगठन से जुड़ी हीरा भट्ट, कलावती देवी, सुनीता भट्ट, तुलसी भट्ट, कमल भट्ट, तारी देवी, गीता भट्ट,मुन्नी देवी,मीना देवी, माया देवी, सुनीता, पार्वती देवी, पुष्पा देवी, मोहिनी देवी, लक्ष्मी देवी आदि महिलाओं द्वारा अब गांवों के नौलों दोनों की सफाई का जन जागरण अभियान की शुरू कर दिया है। महिला संगठन का मानना है कि हमारे पूर्वज पीढ़ी दर पीढ़ी इन्हीं नौलों का पानी पीते आ रहे है। भले ही सरकार द्वारा संचालित हर घर जल हर घर नल की योजना लागू होने के बाद भी उन्हें पानी नहीं मिल रहा है तथा यही नौले गांव के लोगो की प्यास बुझाने का सशक्त माध्यम बनते जा रहे है।

# निर्जला एकादशी पर मीठे पानी का किया वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा निर्जला एकादशी पर नगर के मुख्य चौराहे पर मीठे पानी का वितरण किया गया। शुक्रवार को नगर के मुख्य चौराहे पर अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा निर्जला एकादशी के उपलक्ष में मीठे पानी का वितरण किया गया यहां पहुंचे भाजपा के पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राना ने भी मीठे पानी का वितरण सेवा लाभ उठाया। 6 जून 2025 को निर्जला एकादशी यह हिंदू धर्म में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। निर्जला एकादशी ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है। यह व्रत बिना अन्न और जल ग्रहण किए रखा जाता है, इसीलिए इसे श्निर्जलाश (बिना जल के) एकादशी कहा जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, शिक्षक नेता केएन अटवाल, उमेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल सहित आदि लोग मौजूद थे।

# वैश्विक खेल मंचों पर भारत बना रहा है अब नई पहचानः पुष्कर सिंह धामी

## मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार जल्द लागू करेगी स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नैनीताल स्थित डीएसए मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में कहा कि हमारी देवभूमि अब खेलभूमि के रूप में सशक्त रूप से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और संघर्ष जैसे गुणों का भी निर्माण करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में खेल संस्कृति को मजबूत आधार मिला है और भारत अब वैश्विक खेल मंचों पर नई पहचान बना रहा है। उत्तराखंड भी अब देवभूमि के साथ-साथ खेलभूमि बनने की दिशा में अग्रसर है।





मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में हाल ही में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। इन खेलों का आयोजन प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भव्य रूप से किया गया और नैनीताल व हल्द्वानी में सात राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान लागू करेगी, जिसके अंतर्गत आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी, जहां हर साल सैकड़ों खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में राज्य का पहला खेल विश्वविद्यालय तथा लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित किया जा रहा है। सरकार द्वारा लागू नई खेल नीति के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं।

साथ ही मुख्यमंत्री खेल विकास नीति, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, उदयमान खिलाड़ी योजना और खेल किट योजना के माध्यम से उभरते खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उत्तराखंड खेल रत्न और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार जैसे प्रोत्साहनों से खिलाड़ियों की प्रतिभा को उचित मान-सम्मान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि डीएसए मैदान को उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं के साथ एक मॉडल स्पोर्ट्स संेटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन संभव हो सकेगा। नैनीताल में वैकल्पिक पार्किंग का विकास किया जाएगा और फ्लैट्स मैदान में हॉकी टर्फ तथा बॉक्सिंग रिंग स्थापित की जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्लैट्स मैदान का उपयोग केवल खेल एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए किया जाएगा और अन्य व्यावसायिक गति. विधियों पर रोक रहेगी, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों के हित सुरक्षित रह सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत नैनीताल व हल्द्वानी में सात राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों में हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना को अपनाना ही सच्ची जीत है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा प्रताप सिंह बिष्ट, विधायक नैनीताल सरिता आर्या, भीमताल विधायक राम सिंह केड़ा, मंडी अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, गंगोलीहाट विधायक फकीर राम टम्टा, राज्य दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, राज्यदर्जा मंत्री दिनेश आर्य, दायित्वधारी दीपक मेहरा, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, अजय वर्मा महापौर अल्मोड़ा, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा भावना मेहरा, कार्यक्रम आयोजक मोहित आर्या, शांति मेहरा, अधिवक्ता शिवांशु जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता तथा कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं रिद्धिमा अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा, उप जिला. धिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गंगा दशहराः टीसीपी कंपनी ने शर्बत और मिष्ठान वितरित किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गंगा दशहरे के पावन अवसर पर टीसीपी कंपनी द्वारा शरबत और मिष्ठान का वितरण किया गया। कंपनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा दशहरे के महत्व को मनाना और कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना था। कर्मचारियों ने इस मौके पर एकजुट होकर शरबत और मिष्ठान का आनंद लिया और गंगा दशहरे की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन में कंपनी के सभी कर्मचारी शामिल हुए, जिनमें महाप्रबंधक सचिन यादव, परियोजना प्रबंधक पीयूष सिन्हा और प्रदीप मेहरा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## स्लाटर हाउस खोलने के लिए 24 घंटे में निर्णय लें डीएम

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने नैनीताल में राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा सील किये गए स्लाटर हाउस को खोले जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने मामले में जिलाधिकारी नैनीताल से 24 घण्टे के भीतर सील किए गए स्लाटर हाउस पर निर्णय लेने को कहा है। मामले के अनुसार नैनीताल के इस्लामिया मुस्लिम बोर्ड के द्वारा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि लोगों की शिकायत के बाद राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा लगभग एक सप्ताह पूर्व नैनीताल के तल्लीताल स्थित स्लाटर हाउसों को सील कर दिया गया। तब से स्लाटर हाउस बंद पड़े हुए है।

## एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स की रैंक सेरेमनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 24 यूके गर्ल्स बटालियन द्वारा रैंक सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीआर पंत रहे, जिन्होंने एनसीसी की गर्ल्स कैडेट्स को रैंक प्रदान की। इस अवसर पर कैडेट रिया बिष्ट को सीनियर अंडर ऑफिसर, अंजलि बिष्ट और दिव्यांशी को अंडर ऑफिसर, शोभा गंगोला को सार्जेंट, तथा उर्मिला परिहार और अर्चिता आर्य को कारपा. रल रैंक से सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो. पंत ने सभी कैडेट्स को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन और एनसीसी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में 24 यूके गर्ल्स बटालियन की एएनओ लेफ्टिनेंट डा. ज्योति टम्टा और लेफ्टिनेंट डा. विनय चंद्र ने भी कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन में पूर्व कैडेट्स मृणाल बोरा, मानसी जोशी, अनुश्रुति, रीमा प्रजापति, साक्षी, पिंकी मटियाली, डिंपल, वंदना मेवाड़ी, अंजलि, अर्चिता, सौम्या, पूजा, दीपशिखा, नीतू मेहरा, गौरी, रेनू, हिमानी, दिक्षा, मोहिनी, श्वेता, गुंजन, मिनाक्षी, जानकी, भावना, खुशी, तनुजा, हषिता, ममता, नंदिनी, निशा सहित अनेक कैडेट्स ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## निरोगी रहने के लिए करें योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि के योग विभाग की ओर से आओ हम सब योग करें अभियान जारी है। शुक्रवार को अभियान के तहत अल्मोड़ा नगर के विभिन्न विद्यालयों में शिविर आयोजित किया गया।



इस दौरान छात्र-छात्राओं को योग के आसानों का अभ्यास कराकर निरोगी रहने के टिप्स दिए गए। योग विभागाध्यक्ष डा. नवीन भट्ट ने बताया कि अभियान के अंतर्गत वेद, उपनिषद, पुराण एवं गंगा महिमा पर आधारित संवाद सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा गंगा नदी की आध्यात्मिक भूमिका, सांस्कृतिक महत्व एवं संरक्षण के उपायों पर विचार प्रस्तुत किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षकों ने ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, मिनर्वा एकेडमी, पुलिस लाइन, सरस्वती शिशु मंदिर, एसएसजे परिसर, ज्ञानोदय स्कूल डीनापानी, रैमजे इंटर कालेज, स्पोर्ट्स स्टेडियम, न्यू इंदिरा कालोनी, प्राथमिक विद्यालय खत्याड़ी आदि स्थानों पर शिविर लगाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और लोगों को योग के विभिन्न आसानों का अभ्यास कराया गया। यहां योग प्रशिक्षक डा. गिरीश सिंह अधिकारी समेत अन्य ने सहयोग किया।

## 16 जून को दून में धारना देंगे शिक्षक

**अल्मोड़ा।** राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी अल्मोड़ा की बैठक शिक्षक सदन में सम्पन्न हुई। बैठक में पदोन्नति की मांग को लेकर चल रहे गैर शैक्षणिक कार्य बहिष्कार आन्दोलन की समीक्षा की गई। इसके साथ ही 16 जून को देहरादून स्थित माध्यमिक शिक्षा निद. शालय में प्रस्तावित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विभाग में सभी कार्मिकों की पदोन्नतियां हो रही हैं लेकिन शिक्षकों की पदोन्नतियां विगत 6 वर्षों से अधर में लटकी हुई है।

उन्होंने कहा कि जिस शिक्षक द्वारा भारत के भविष्य का निर्माण किया जा रहा है उसी शिक्षक का भविष्य विभाग की हीलाहवाली के कारण अंधकारमय हो गया है। उन्होंने समस्त शिक्षकों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि पदोन्नति शिक्षकों का हक है। इसके लिए अब आर पार का संघर्ष किया जाएगा। बैठक में सभी ब्लॉक कार्यकारिणी को अपने अपने विकासखण्ड में ऑनलाइन बैठक आयोजित कर 16 जून को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु सभी शाखाओं की प्रतिभागिता कराने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल ने की। बैठक का संचालन जिला मंत्री राजू महरा ने किया।

## अधिवक्ता एएन शर्मा के निधन पर शोक

**नैनीताल।** हाईकोर्ट के अधिवक्ता एएन शर्मा के निधन पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने दु:ख व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। शुक्रवार को बार एसोसिएशन सभागार में स्व. एएन शर्मा, अधिवक्ता हाईकोर्ट के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा की गयी। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी। स्व. एएन शर्मा उत्तराखण्ड में उच्च न्यायालय की स्थापना के समय से विधि व्यवसायरत थे। 04 जून 2025 को उनका निधन हो गया। शोक सभा में दुर्गा सिंह मेहता, अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव, डा. एमएस पाल वरिष्ठ अधिवक्ता, सैय्यद नदीम खुर्शीद, दीप चन्द्र जोशी, भुवनेश जोशी, राम सिंह सम्मल, योगेश पचोलिया, त्रिलोचन पाण्डे, एसएस यादव, प्रमोद बेलवाल, शैलेन्द्र नौरियाल, प्रशान्त खन्ना, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा, संजय भट्ट, सुहास रतन जोशी, निरंजन भट्ट, सरिता बिष्ट, पीयूष सम्मल आदि कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।


### कार्यालय नगरपालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)

Email:eonagarpalikaramnagar@gmail.com Website: www.nagarpalikaramnagar.in

पत्रांक: 1493/04-सा0स्वा0अनु0/2025-26, दिनांक: 05/06/2025

**निविदा सूचना**

निकाय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सम्बन्धी विभिन्न कार्यो के सफल क्रियान्वयन हेतु परामर्श एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अर्न्तगत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में निकायों द्वारा प्रतिभाग किये जाने हेतु भारत सरकार/ उत्तराखण्ड शासन द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों के अनुपालन में निर्धारित कार्य को करने हेतु परामर्श प्रदान करने हेतु दक्ष, अनुभवी प्रतिष्ठित फर्मो से निविदाओं द्वारा दरें आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ होने की तिथि | दिनांक 05 06 2025 अपराह्न 03.00 बजे से |
| 2 | निविदा प्रपत्र पूर्ण भरका जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 19-06-2025 अपराह्न 03.00 बजे तक |
| 3 | निविदा समिति/अधिकृत अधिकारियों द्वारा निविदाओं का मूल्यांकन आदि हेतु तिथि और समय | दिनांक 19 06 2025 अपराह्न 04.00 बजे |

निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। इस सम्बन्ध में अन्य जानकारी व शर्ते किसी भी कार्यदिवस में पालिका के स्वास्थ्य अनुभाग अथवा पालिका की वेबसाइट www.nagarpalikaramnagar.in से भी प्राप्त की जा सकती है।

(आलोक उनियाल)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद रामनगर

(मौ0 अकरम)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद रामनगर

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान, चम्पावत

फैक्स: 05965-230485
दूरभाष(का0) 05965-230485
E-mail - eechp-ujs- uk@nic.in

पत्रांक :– 669 /निविदा / 28 दिनांक 04 / 06 / 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतदद्वारा मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से शाखा चम्पावत अन्तर्गत विभाग एवं उत्तराखण्ड पेयजल निगम में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 18.06. 2025 के अपरान्ह 12:00 बजे तक टैंडर बॉक्स के माध्यम से आमंत्रित किये जाते है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदायें खोली जायेंगी। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगा।

| क0 सं0 | योजना का नाम | विकास खण्ड | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | धरोहर धनराशि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डुंगराकोट रेट्रो पेयजल योजना | पाटी | 2360.00 | 49600.00 | D' एवं उच्चतर |
| 2 | पीपलढींग रेट्रो पेयजल योजना | पाटी | 1180.00 | 13500.00 | D' एवं उच्चतर |
| 3 | काकड़ी रेट्रो पेयजल योजना | बाराकोट | 2360.00 | 44300.00 | D' एवं उच्चतर |

नियम एवं शर्ते :–

1. निविदा प्रपत्र दिनांक **13.06.2025 से दिनांक 17.06.2025 अपरान्ह 2.00 बजे** तक अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में शाखा कार्यालय, उत्तराखण्ड जल संस्थान चम्पावत से निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद अथवा डाक द्वारा जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मागने पर रू0 50.00 अतिरिक्त देय होगा।
2. धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्रों (एन0एस0सी0)/एफ0डी0आर0 जो कि अधोहस्ताक्षरी के पद नाम से बन्धक हों के रूप में ही स्वीकार की जाएगी, बिना धरोहर धनराशि के कोई भी निविदा निर्गत नही की जायेगी।
3. निविदा के साथ रू0 100.00 (एक सौ रूपये) का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प एक रूपये के हस्ताक्षर युक्त रसीद टिकट के साथ लगाना अनिवार्य होगा।
4. निविदा आमंत्रित तिथि को अवकाश होने पर निविदाएं अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।
5. टैण्डर डालने से पूर्व ठेकेदार कार्य स्थल का निरीक्षण करके ही दरें डालें।
6. निविदा प्रपत्र में प्रत्येक कार्य हेतु प्रथक-प्रथक दरें अंकित की जानी अनिवार्य है। प्रतिशत पर दी गई दरें मान्य नहीं होगी जिस कारण निविदा निरस्त कर दिये जायेंगे।
7. शेश शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होंगी।

(बिलाल यूनुस)
अधिशासी अभियन्ता।


## एक नजर....

### बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में लोग बंदरों के आतंक से परेशान हैं। शुक्रवार को नगर के विभिन्न मोहल्लों के लोगों ने वन विभाग को ज्ञापन भेज बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि इन दिनों नगर के चंपानौला, खोल्टा, तिलकपुर, सुनारीनौला समेत तमाम मोहल्लों में कटखने बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदर आए दिन लोगों पर हमला कर घायल कर रहे है। वहीं, बच्चों का स्कूल अकेले जाना भी दुभर हो गया है। जबकि ग्रामीण इलाकों में बंदर खेती बाड़ी को भी चौपट कर रहे है। बंदरों के बढ़ते आतंक से हर कोई परेशान है। कहा कि पूर्व में भी कई बार वन विभाग को बंदरों के आतंक को लेकर अवगत कराया गया। लेकिन अब तक इनको पकड़ने को लेकर कोई कोई कार्रवाई नहीं है। जिससे लोगों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। लोगों ने जल्द बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई। यहां ज्ञापन भेजने वालों में आशुतोष उप्रेती, कमला पांडे, नंदन सिंह, यशोदा तिवारी, राजेश्वरी उप्रेती, सुनीता बिष्ट, मोहन चंद्र कांडपाल, मथुरा दत्त मिश्रा आदि लोगों ने हस्ताक्षर किए।

### बागेश्वर में शराब के नशे में गाड़ी चलाते पकड़ा

**बागेश्वर।** यातायात के नियमों का पालन नहीं करने व शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने शराब पीकर वाहन चला रहे चालक को गिरफ्तार किया है। उसका वाहन सीज कर दिया है। उसके ड्राइविंग लाइसेंस के निस्तरीकरण की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से नाबालिग वाहन चालकों, शराब पीकर वाहन चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा बिना रिफ्लेक्टर के वाहन चलाने वालों पर चेकिंग के निर्देश गत दिनों दिए थे। गुरुवार की शाम बैजनाथ पुलिस ने चेकिंग के दौरान चालक हरीश कांडपाल पुत्र केवलानंद निवासी ग्राम चमोली थाना बैजनाथ को शराब पीकर वाहन चलाते रंगेहाथों पकड़ लिया। जांच में शराब पीने की पुष्टि भी हो गई। इसके बाद पुलिस ने वाहन को एमबी एक्ट में सीज कर दिया। वाहन चालक को गिरफ्तार कर डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जनपद पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### चन्द्रावती महाविद्यालय में मनाया पर्यावरण दिवस

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वीप के बैनर तले 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया। इस अवसर पर काशीपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार साहू, सुदामा लाल प्रथम जूनियर हाईस्कूल काशीपुर के प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, निवार्चन अधिकारी अनिल कुमार, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त व एसो. प्रोफेसर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त ने पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु समस्त प्रवक्तागण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शपथ दिलाई, और कहा कि स्वस्थ पर्यावरण ही मानव जीवन की आधार शिला है। प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। महाविद्यालय कर्मचारियों ने रोपित वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वन्दना सिंह, एसो. प्रोफेसर डॉ. रमा अरोरा, डॉ. मन्जु सिंह, असि. प्रोफेसर डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. ज्योति रावत, डॉ. रजना, प्राची धौलाखण्डी, डॉ. मंगला, शीतल अरोरा, डॉ. अविनाश कुमार मिश्र, डॉ. महेश कुमार, कु. सृष्टि सिंह आदि उपस्थित थे।

### आठवीं बार सदस्य बने डा. डालाकोटी

**नैनीताल।** शिक्षा नगरी नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद सदस्यता के लिए शुक्रवार को 4 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। कुल 68 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें से 2 मत अवैध घोषित किए गए। चुनाव में वरिष्ठ शिक्षाविद् डा. सुरेश डालाकोटी ने लगातार 8वीं बार कार्यपरिषद सदस्य के रूप में जीत हासिल की। उन्हें प्रथम वरीयता के आधार पर 18 मत प्राप्त हुए। उनके साथ ही अरविंद पडियार को भी 18 प्रथम वरीयता मत प्राप्त हुए और वे भी विजयी घोषित किए गए। वहीं, बहादुर पाल को भी प्रथम वरीयता में पर्याप्त मत प्राप्त हुए, जिससे उन्होंने सीधे जीत दर्ज की। केवल सती को दूसरे वरीयता मतों की गिनती में विजय प्राप्त हुई। जीत के बाद विजेताओं ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है।


### कायार्लय नगर पालिका परिषद पुरोला (उत्तराकाशी)

पंत्राक: 92/निविदा/न0प0पु0/2025–26 दिनांक: 27 मई 2025

**अतिअल्पकालीन निविदा–सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा बोर्ड बैठक मे पंचम राज्य वित्त एवं अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत प्रस्तावित एवं स्वीकृत निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहर बन्द निविदाऐं दिनांक 28.05. 2025 से आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28/05/2025 से 11/06/2025 सांय 05:00बजे तक किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद् कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 12/06/2025 अपराहन 12.00 बजे तक नगर पालिका परिषद् पुरोला के कार्यालय में निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की समय वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की अर्हता पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद् के वार्ड न०06 में स्टेडियम के सामने से नवीन फर्नीचर दुकान तक जल निकासी नाले का निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 60000 | 1500 + 18%GST | 15दिन | 09 माह | डी श्रेणी एवं उच्चत्तर श्रेणी मे पंजिकृत |
| 02 | वार्ड न०02 में सचिन नौटियाल के घर के पीछे आम रास्ते की सुरक्षा दिवार का निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 22000 | 1000 + 18%GST | 15दिन | 09 माह | तदैव |
| 03 | वार्ड न० 03 में मोटर रोड जल संसथान के पास संजीव के मकान की सुरक्षा दिवार का निर्माण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 15000 | 500 + 18%GST | 15दिन | 09 माह | तदैव |
| 04 | वार्ड न०03 में मोटर रोड का सुरक्षा कार्य | पंचम राज्य वित्त | 10500 | 500 + 18%GST | 15दिन | 09 माह | तदैव |
| 05 | नगर पालिका पुरोला के वार्ड न०03 में छाडा मोटर रोड से विद्या मंदिर तक सुरक्षा दिवार , इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं रेलिंग का कार्य | पंचम राज्य वित्त | 35500 | 1500 + 18%GST | 15दिन | 09 माह | तदैव |
| 06 | नगर पालिका परिषद् के वार्ड स०06 में हॉस्पिटल रोड के उपर सुरक्षा दिवार का मरम्मत कार्य नाली का मरम्मत कार्य एवं रेलिंग का कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 29000 | 1000 + 18%GST | 15दिन | 09 माह | तदैव |
| 07 | जनपद उत्तरकाशी के नगर पंचायत पुरोला के वार्ड नं0 4 मे स्पेशल कम्पोनंट प्लान भवन के नीचे सुरक्षात्मक कार्य | अवस्थापना | 59500 | 1500 + 18%GST | 15दिन | 03 माह | तदैव |
| 08 | नगर पालिका परिषद् के वार्ड नं0 4 मे पार्क का जीर्णोद्धार। | राज्य वित्त | 38500 | 1500 + 18%GST | 15दिन | 03 माह | तदैव |
| 09 | नगर पालिका परिषद् के वार्ड नं0 6 मे विजल्वाण गुरूजी के घर से पोरा मोटर रोड़ तक जल निकास नाले का अवशेष निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 35000 | 1500 + 18%GST | 15दिन | 03 माह | तदैव |
| 10 | नगर पालिका परिषद् पुरोला के वार्ड न0 1 मे मोटर रोड़ से जाने वाले नाले का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 41500 | 1500 + 18%GST | 15दिन | 03 माह | तदैव |
| 11 | वार्ड नं0 5 मे वस स्टैण्ड के पास जल निकासी नाले का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 46500 | 1500 + 18%GST | 15दिन | 03 माह | तदैव |
| 12 | नगर पालिका परिषद् पुरोला के खेल मैदान मे चौकीदार निवास हेतु अस्थाई भवन निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 25000 | 1000 + 18%GST | 15दिन | 03 माह | तदैव |
| 13 | वार्ड नं0 5 मे पेट्रोल पम्प के समीप इन्टरलॉकिंग टाईल्स एवं नाली व सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 21000 | 1000 + 18%GST | 15दिन | 03 माह | तदैव |
| 14 | कूड़ निस्तारण केन्द्र मे टिनशेड निर्माण कार्य। | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | 24000 | 1000 + 18%GST | 15दिन | 03 माह | तदैव |

अतः उक्त निविदायें दिनांक 12/06/2025 को अपराहन 01.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे समिति द्वारा खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी।किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद् पुरोला।

अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद् पुरोला

# अन्तर्राज्यीय चेन स्नैचिंग गिरोह के दो शातिर दबोचे

## गंगनहर पुलिस ने तीन घटनाओं का किया खुलासा, चार सोने की चेन व एक बाइक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** पुलिस टीम ने अन्तर्राज्यीय चौन लूट गिरोह के 02 शातिर सदस्य गिरफ्तार कर लूट की तीन घटनाओं का खुलासा किया है। इनके कब्जे से सोने की 04 चौन बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया है कि 20 मई को अज्ञात मोटर साईकिल सवार न्यू आदर्श नगर रुडकी निवासी महिला की सोने की चौन छिन कर भाग गए थे। वहीं 28 मई को अज्ञात मोटर साईकिल सवार ने पश्चिम अम्बर तालाब निवासी एक बुजुर्ग महिला की सोने की 02 चेन छिन ली और फरार हो गए। 3 मई को आवास विकास कोतवाली गंगनहर में एक महिला से चेन छीनकर फरार हो गए थे। इन तीनों मामलों में पीड़ित पक्ष द्वारा कोतवाली रुड़की व गंगनहर कोतवाली में दी



गई शिकायत के आधार पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। गठित कोतवाली रुड़की व सीआयू रुड़की की संयुक्त पुलिस टीम के लगातार प्रयासों के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी टीम ने 05 जून को सोनाली पुल के माजरा जाने वाले रास्ते से बाइक सवार 02 संदिग्ध को दबोचने में सफलता हासिल की। संदिग्धता के आधार पर की गई पूछताछ में पकड़े गए युवकों के रुड़की व गंगनहर क्षेत्र से हुई चेन स्नेचिंग के वारदातों में शामिल होने की पुष्टी हुई। तलाशी लेने पर शातिर चौन स्नैचरों के कब्जे से रुड़की चेन लूट प्रकरणों व गंगनहर चेन लूट प्रकरण से जुड़ी कुल 04 सोने की चेन बरामद हुई। पकड़े गए युवक इससे पहले भी मुजफ्फरनगर, देहरादून व रुडकी से चौन लूट आदि की वारदातों में पकड़े जाने पर जेल जा चूके हैं। पकड़े गए आरोपित गौतम पुत्र विक्रम चौधरी निवासी कृष्ण कुंज कालोनी निकट टेलीफोन एक्सचौज के पास ताहारपुर थाना कोतवाली देहात सहारनपुर उ0प्र0 उम्र 26 वर्ष व शुभम मिश्रा पुत्र स्व0 मुकेश मिश्रा निवासी हनुमान नगर बेहट रोड कोतवाली देहात सहारनपुर का चालान कर दिया गया है। पुलिस ने बताया है कि घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेण्डर बरामद की गई है।

# चोरों ने मंदिर में दानपात्र पर किया हाथ साफ, अलमारी व बिजली के बोर्ड तोड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** देर रात चोरों ने गंगा माता मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। चोरी से पूर्व आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरों की वायर काटी और मंदिर में लगे बिजली के बोर्ड आदि भी तोड़ डाले। वहीं मंदिर समिति के द्वारा पुलिस को मामले में तहरीर दी गई है।

गंगा माता मंदिर सोलानी संगम में गुरुवार को गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। पूरे दिन भव्य आयोजन में नगर के प्रमुख लोग शामिल हुए थे। वहीं देर रात चोरों ने मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। मामले की जानकारी तब हुई जब सुबह समिति के लोग मंदिर पहुंचे। वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। मंदिर का दानपात्र टूटा हुआ था तो वहीं अलमारी को तोड़ने का प्रयास किया गया था इतना ही नहीं सीसीटीवी कैमरे की वायर भी काट दी गई थी। वहीं मंदिर में लगे बिजली के बोर्ड भी तोड़ दिए गए। मंदिर के पास पुलिस के कैमरे में एक संदिग्ध कैद भी हुआ है। मामले में समिति की ओर से पुलिस को तहरीर दी जा रही है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर आने पर उचित कारवाई की जाएगी।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा बरकरार पेड़ों की जड़ निकालने में लगे वन माफिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र के अबदिपुर में अवैध कब्जा धारकों का कब्जा हटवाने अभी भी कोई नहीं पहुंचा है। माफियाओं का कब्जा बर्करार है। वे कटे हुए पेड़ों की जडे निकाल कर ठिकाने लगाने पर लगे हुए हैं।



जानकारी के अनुसार वन माफिया सूत्रों के द्वारा बताया गया की निवर्तमान एसडीम पुरण सिंह राणा के द्वारा अपनी देखरेख में सोनाली नदी एव वन विभाग की जमीन को तहसील स्टाफ एव पुलिस फोर्स बुलाकर कब्जा मुक्त करा दिया गया था जो बिलकुल खाली करा दी गई थी कुछ किसानों के द्वारा फिर दोबरा से उसी जमीन पर जो सोलानी नदी वन विभाग की जमीन है कब्जा कर लिया गया और उसमें कभी गेहुं की फसल अभी गन्ने की फसल फिर पैदा करने की लगातर कोशिश की जा रही है और कुछ किसानों ने तो अवैध तरीके से कब्जा करके उसमें फसल भी बो रखी है कुछ व्यक्तियों द्वारा संबंधित अधिकारियों से कब्जा हटवाने के लिए शिकायत की गई है उनकी शिकायत पर भी संबंधित अधिकारी आंख मुंदकर बैठे हुए हैं सूत्रों ने यह भी बताया कि वन माफिया चोरी से कटे हुए पेड़ों की जड़ निकालकर खुर्द बुर्द करने पर लगे हुए हैं सूत्रों ने यह भी बताया कि इसमें ग्राम प्रधान व तहसील के कुछ कर्मचारी भी मिले हुए हैं।

# बीएसएम पीजी कॉलेज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर सेमीनार आयोजित अवैध तस्करी के खिलाफ छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बीएसएम (पीजी) कॉलेज में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर । जून से 26 जून 2025 तक आयोजित किए जाने वाले नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय की चीफ प्राक्टर डॉक्टर रीमा सिन्हा ने मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक,मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याओं से संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया की नशीली दवाओं का दुरुपयोग परिवारों और सामाजिक रिश्तों के लिए अनेक मुश्किलें पैदा कर देता है। राजनीति विज्ञान विभाग की डॉक्टर शिखा जैन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि "नशा नहीं, अभी नहीं, कभी नहीं" के मूल मंत्र का अनुसरण करें। राजनीति विज्ञान विभाग की नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों से मुक्त भारत के निर्माण में आज के युवाओं की महत्वपूर्ण



भूमिका होनी चाहिए । इसलिए युवा पीढ़ी आगे आए और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाकर अपने दायित्व को पूर्ण करें। डॉक्टर सुनीता कुमारी ने भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति हेतु अब तक किए जा रहे अभियानों की सरहाना की और आगे भी मजबूती के साथ समाज को प्रेरित करने की सलाह दी।

डॉ राजेश पालीवाल ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणा दी और कहा कि वह पोस्टर मेकिंग, रैलियों और नुक्कड़ नाटक आदि के द्वारा नशा मुक्ति जगरुकता अभियान को गति प्रदान करें। कार्यक्रम में महा विद्यालय के डॉक्टर सुरजीत सिंह, डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर अर्चना त्यागी, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर इंदु अरोड़ा आदि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शाहगुल, निशांत, आरती सैनी गुलनार, सरफराज, अफसा, रजत अबरार, एलिजा, अक्सा, आरती, शिवानी, अंजली,तनुष्का, बुशरा आदि छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो व्यक्तियों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा 6 जून 2025 को आपस में लड़ झगड़ का शांति प्रभावित करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम मांगेराम पुत्र वेदपाल निवासी अकोढा खुर्द देवानंद पुत्र पलटूराम निवास अकोढा खुर्द कोतवाली लक्सर बताए। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल अरविंद चंदेल प्रकाश खनेडा शामिल रहे। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर न्यायालय मे पेश किया जा रहा है।

# भाजपा अपने नेताओं के दुष्चरित्र को कर रही है समर्थन : राजेंद्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के नेताओं द्वारा लगातार महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार दुष्ट आचरण एवं बलात्कार, हत्या जैसी घटनाएं लगातार की जा रही हैं जिसे भाजपा सरकार एवं संगठन पूरा सहयोग कर रहा है जिससे यह साबित हो रहा है कि भाजपा की कथनी और करनी में बहुत ज्यादा फर्क है। भाजपा जहां महिलाओं को लेकर कतई गंभीर नहीं है। वही उसके जुमले में महिलाओं का जिक्र अवश्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी चिन्मयानंद ,विधायक सेंगर ,जिला अध्यक्ष, संगठन के उच्च पदाधिकारी एवं एक वीआईपी को बचाने का पूरा प्रयास भाजपा ने किया है।

महिला कांग्रेस नेत्री यासमीन खान ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय एवं सोचनीय बात है कि भाजपा जो स्वयं को महिलाओं की हितेषी बता रही है। उसके ही नेता महिलाओं के खिलाफ अपराध में लिप्त पाए जाते हैं और भाजपा उन्हें बचाने का काम करती है। प्रेस वार्ता में विकास त्यागी ,प्रणय प्रताप श रिजवान अहमद, डॉ हरविंद्र सिंह वीना आनंद, सुधीर चौधरी ,नसीम अहमद, भूषण त्यागी,मास्टर रामकिशन धीमान, गुलफाम हसन ,उम्मीद गाजी , मकसूद हसन मदनपाल भड़ाना अजय राठौर सुशील कश्यपअजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्रवासियों के साथ नगर आयुक्त कार्यालय पहुंचे झबरेड़ा विधायक विकास कार्यों में रुकावट पर जताई चिंता

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र में कालोनियों में विकास के प्रस्तावों पर कार्य न शुरू होने से नाराज विधायक वीरेंद्र जाति और क्षेत्रवासी नगर आयुक्त से मिले। उन्होंने कहा कि 2022,23 और 24 में उनके द्वारा करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के प्रस्ताव नगर निगम को दिए गए जो कि बोर्ड बैठक में स्वीकृत भी हुए हैं लेकिन उन पर अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ।

नगर निगम पहुंचे विधायक वीरेंद्र जाति नगर आयुक्त राकेश तिवारी से मिले। उन्होंने उनसे पूछा कि उनके द्वारा पिछली कई बोर्ड बैठकों अपने क्षेत्र संबंधी विकास कार्यों के प्रस्ताव दिए थे जो कि स्वीकृत भी हो गए लेकिन आज तक उनमें से किसी पर काम शुरू नहीं पाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जलभराव, टूटी सड़कों समेत अन्य समस्याओं से लोग परेशान है लेकिन नगर निगम उस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। विधायक ने बताया कि दिसंबर 2024 में उनके द्वारा जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर मांग की गई थी कि क्षेत्र की सभी नालियों की जो कि अन्य विभागों के पास है उनका अधिकाग्रहण नगर निगम करे ताकि जलभराव संबंधी समस्या का समाधान हो सके। वहीं महानगर अध्यक्ष ने



क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग की। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पनियाला रोड पर दो वर्ष पहले बनी सड़क बदहाल स्थिति में आ गई है। इसके साथ ही अन्य समस्याओं से भी क्षेत्रवासियों ने अधिकारियों को अवगत करवाया। नगर आयुक्त ने जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी,महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष उदय जैन,प्रदेश महासचिव विकास त्यागी, हरविंदर सिंह,पार्षद प्रतिनिधि मुकेश कुमार,अमित सैनी, धर्मपाल,मेघराज सैनी,रिजवान आदि मौजूद रहे।

# बकाया अदा न करने पर शुगर मिल की चीनी होगी नीलाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** इकबालपुर शुगर मिल द्वारा बकाया भुगतान न किए जाने परशुगर मिल की चीनी नीलम की प्रक्रिया शुरू हो गई है लेकिन आज नीलामी में कोई भी भाग लेने वाला नहीं पहुंचा तो नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने नीलामी की अगली तारीख तय कर दी है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक को धनुश्री एग्रो प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड इकबालपुर शुगर मिल में बकाया धनु राशि 27 लाख 93 800 प्लस अन्य श्रम बकाया वसूली में 1824 चीनी के भरे हुए अर्थात 912 कुंतल चीनी जो की गोदाम के अंदर रखी है की नीलामी हेतु उपस्थित हुए जिसमें आज कोई भी बोली कंजं मौके पर उपस्थित नहीं हुआ। पूर्व में दो बार नीलामी की प्रक्रिया की जा चुकी है जो पूर्ण नहीं हुई थी। अबकी बार तीसरी नीलामी की प्रक्रिया हुई जो बोली दंता नहीं आने के कारण पूर्ण नहीं की जा सके। मौके पर संग्रह अमीन मिल प्रबंधन के अधिकारी शुक्ला आदि उपस्थित हुए। नीलामी की कार्रवाई बोली दाता में आने के कारण पूर्ण नहीं की जा सकी। आगे तिथि निश्चित की जाएगी जिसकी अलग से लिखित में सूचना जारी की जाएगी।

# विवाहिता ने पति व ससुर पर लगया मायके में आकर मारपीट का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** एक महिला ने अपने पति ओर ससुर पर मायके आकर मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पति ससुर के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कलियर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी साजिद निवासी बेलड़ा के साथ हुई थी। उसका पति उसके साथ आए दिन मारपीट करता हैं। ओर घर का खर्च भी नही देता हैं।वह अपनी मां के घर पर रह रही थी।बृहस्पतिवार को उसका पति ओर ससुर उसके मायके पिरान कलियर में आए ओर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई उसकी मां के साथ भी मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कारवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया महिला की तहरीर पर पति साजिद ससुर इकबाल निवासी बेलड़ा के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# पुलिस ने अलग-अलग घटनाओं में छापेमारी करते हुए दो नशा तस्करों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा अवैध नशा तस्करों के खिलाफ छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम फूल सिंह पुत्र सूरजा सिंह निवासी वार्ड नंबर 2 सीमली थाना कोतवाली लक्सर बताया। वहीं संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस में अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम विनीत पुत्र तेजपाल निवासी अकबरपुर ऊद थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह नेगी कांस्टेबल अरविंद चौहान सतपाल राणा शामिल रहे पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## भड़काऊ पोस्ट डालने वाले वाला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** पुलिस ने सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर धार्मिक भावना भड़काने वाले संदेश भेजने वाले युवक को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया। पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर शांति व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वो पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में कलियर क्षेत्र में एक युवक की ओर सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर धार्मिक भावना भड़काने को लेकर संदेशों का प्रचार प्रसार किया गया था। जिससे हिंदू समाज के लोगों में काफी रोष व्याप्त था। आगामी त्योहार ईद उल अजहा में दोनों धर्मों के बीच सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की प्रबल संभावना थी। आरोपी मोनिस निवासी महमूदपुर कलियर को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया हैं।

## पुलिस ने रैन बसेरे व सराय में रुके जायरीनों का किया सत्यापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** पुलिस ने अभियान चलाकर कलियर रैन बसेरा, बरेली सराय में ठहरे जायरीनों का सत्यापन किय।

एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि चारधाम यात्रा व आगामी कांवड मेला के मद्देनजर बाहरी लोगों के सत्यापन व आपराधिक घटनाओ की रोकथाम के लिए कलियर रैन बसेरा, बरेली सराय में ठहरे जायरीनों, बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया।साथ ही तीन दिन से अधिक ठहरे जायरीनों को रैन बसेरा व बरेली सराय से जाने की हिदायत दी गई। इस सम्बंध में दरगाह प्रबंधक को अवगत कराया गया है।इस मौके पर एसओ रविन्द्र कुमार एसएसआई बी एस चौहान तरूण कुमार मौजूद रहें।

# युवक पर नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भागने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर भागकर ले जाने का आरोप लगाया है।पुलिस ने अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की सुबह उसकी नाबालिग बहन बिना बताए घर से कहीं चली गई हैं।उन्होंने उसे आसपास में काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नही चला हैं।पीड़ित ने एक युवक पर अपनी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर भागकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निर्जला एकादशी पर रुड़की व लक्सर में मीठा शरबत बांटकर की जनसेवा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की/लक्सर।** भारत विकास परिषद अविरल गंगा शाखा रूड़की ने छबील लगाकर गन्ने का रस पिलाया अविरल गंगा शाखा रुड़की ने निर्जला एकादशी के अवसर पर नहर किनारा श्री विनेश्वर मंदिर, सिंचाई विभाग गायत्री मंदिर के सामने गन्ने के रस का छबील का आयोजन किया जिससे राहगीरों को गन्ने का रस पीने से गर्मी में कुछ राहत मिल सके।और देश में अन्य पेय पदार्थों की बजाय अपने देशी पेय पदार्थों को अपना सके।

जानकारी के अनुसार भारत विकास परिषद का समाज के लिए हमेशा सेवा का भाव रहा है।और स्वदेशी पेय पर जोर देते हुए यह छबील का आयोजन किया गया।इस छबील से लगभग 420 व्यक्तियों ने लाभ उठाया। शाखा सदस्यों ने स्थान पर सफाई का खास ध्यान रखा कि सभी नागरिक डिस्पोजल ग्लास को



डस्टबिनो में ही डाले।कूड़ा सड़क पर नहीं फैले।शाखा कोषाध्यक्ष संजय कालरा एडवोकेट प्रीति,सुगंध जैन, नीरज मित्तल, अनुपमा, नीलम मधोक, सीमा, संगीता,डॉ प्रदीप, नीलमशर्मा,अरुणा,राधिका,वर्णित, श्रेया,मधुर, रेयांश,नवनीत गर्ग उपस्थित रहे।

**राज चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया मीठे शरबत का वितरण,जल्द शुरू होगा पौधारोपण का अभियान...**राज चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्जला एकादशी के उपलक्ष में गणेशपुर पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष करमदीप सिंह खोखर ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा अब पौधरोपण का कार्यक्रम दोबारा से शुरू किया जाएगा। जिसमें जहां भी खाली जगह शहर में या शहर से बाहर मिलती है वहां पौधारोपण होगा। अमित सहदेव ने बताया कि ट्रस्ट समय-समय पर विभिन्न तरह के सामाजिक कार्य करता रहता है लेकिन ट्रस्ट द्वारा जो यह वृक्षारोपण का बीड़ा उठाया गया है यह कार्य ही आने वाले समय की और फिलहाल की हमारी जरूरत है। कार्यक्रम में अजय वर्मा ,मोहन सिंह रावत, मनजीत सिंह खोखर, विकास वालिया ( विकी )जसमीत सिंह, वैभव खोखर ,अश्वनी ठकराल ,मोहम्मद मुकर्रम, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद असलम शाहिद बहुत से गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**निर्जला एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में भक्तों का तांता. ...लक्सर** नगर पालिका परिषद के शिव चौक स्थित खाटू श्याम मंदिर में आज निर्जला एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरण कर पुण्य कमाया।खाटू श्याम मंदिर के भक्तों ने बताया कि निर्जला एकादशी वर्ष में एक बार आती है और इसका धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि उनके नगर पालिका क्षेत्र लक्सर में खाटू श्याम मंदिर बन गया है, जिसे वे अपना सौभाग्य मानते हैं। भक्तों ने सभी से आग्रह किया कि निर्जला एकादशी के दिन खाटू श्याम मंदिर में आकर पूजा-अर्चना करें और बुरे कर्मों से दूर रहें।मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि निर्जला एकादशी का यह पावन पर्व साल में एक बार आता है। इस दिन भक्त अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए पूजा-अर्चना करते हैं और भगवान खाटू श्याम उन्हें आशीर्वाद के रूप में प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह त्योहार 6 जून या 7 जून को भी हो सकता है और 7 जून 2025 को पूजा अर्चना करने पर कोई पाबंदी नहीं है।आज खाटू श्याम मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं, जो भगवान के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा को दर्शाती हैं।

# बारूद के ढेर पर दुनिया

निसंदेह इस समय दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, तो वहीं इजरायल और हमास संघर्ष भी अब दूसरे वर्ष की ओर बढ़ रहा है। लाखों लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। युद्ध को रोकने की तमाम कोशिशें नाकाम होती दिखाई दे रही हैं। सच्चाई यही है कि युद्ध को रोकने लिए कोई गंभीर प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। बड़ी ताकतें युद्ध को रोकने के लिए कितनी गंभीर हैं, यह बुधवार को हुए सुरक्षा परिषद में इजरायल-हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर लाए गए प्रस्ताव को लेकर अमेरिका के वीटो से पता चल जाता है। इस प्रस्ताव का 14 सदस्यों ने समर्थन किया था। एक अमेरिकी ही था जिसने इस प्रस्ताव का न सिर्फ विरोध किया बल्कि अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल किया। इस प्रस्ताव को दस गैर स्थायी सदस्यों ने पेश किया था जिसमें पाक भी शामिल है और जो अमेरिका ने कारण बताया वह भी हास्यास्पद ही कहा जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने इस पूरी प्रक्रिया पर कहा कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रस्ताव को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अमेरिका और डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया और कहा कि दुनिया को दिखा दिया गया कि अमेरिका व इजरायल के बीच में कोई फर्क नहीं है और यह हमास के आतंकवादियों को नष्ट करने का एकमात्र तरीका है। जाहिर है जब बड़ी ताकतों का यह रवैया रहेगा, तो फिर युद्ध किस तरह रुकेंगे और जो लोगों के जानमाल की तबाही हो रही है उस पर कोई रोक नहीं लगेगी। इन दोनों युद्ध ने यह भी बता दिया है कि दुनिया की बड़ी ताकतों को किसी की तबाही व मरने-जीने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह हर हाल में युद्ध को हवा देना चाहते हैं, जिससे हथियारों का कारोबार फल-फूल सके। मतलब वह आपदा में पूरा अवसर देख रहे हैं और हथियार लॉबी मोटा मुनाफा कमा रही है। कोई भी समझ सकता है कि ऐसे में अगर भारत पाक के बीच छोटे स्तर पर सैन्य संघर्ष अगर बड़ा रूप ले लेता तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती थी। इस संघर्ष में भारत ने जहां पाक को पूरी तरह सबक सिखाया, वहीं युद्ध को फैलने से भी रोका। जैसाकि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा भी कि भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह आतंकवाद को भी नहीं सहेगा। भारत ने दोनों काम किए। पाक को उसकी औकात बताई और अपनी कूटनीति के जरिये युद्ध को व्यापक स्तर पर फैलने भी नहीं दिया, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह सबकुछ पाक पर निर्भर है। भारत ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थाई रूप से रोका गया, यदि पाक किसी तरह की हिमाकत करता है तो भारत फिर से कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

## मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है



एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच, ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है, संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं,यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है, इसलिए डरने की जरूरत नहीं है, हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता, मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है, मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं ट्रम्प ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया, मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है।

**-राहुल गांधी**
**नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती






**योगेश कुमार गोयल**

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है।प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौनसे खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा? संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसम्बर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन विषय के साथ, 2022 में सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य, 2023 में खाद्य मानक जीवन बचाते हैं और 2024 में खाद्य सुरक्षा-अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें विषय के साथ मनाया गया था। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है खाद्य सुरक्षारू क्रियाशील विज्ञान। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि खाद्य सुरक्षा घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए तैयार रहने के लिए नीति निर्माताओं, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, किसानों और खाद्य व्यवसाय संचालकों के समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है और उपभोक्ता भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा का अर्थ है खाद्य पदार्थों में सुरक्षित, स्वीकार्य स्तर के खतरों का अभाव, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि खाद्य सुरक्षा हमारे समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए सबसे महत्वपूर्ण है तथा सुरक्षित भोजन का सेवन अच्छे स्वास्थ्य की सबसे महत्वपूर्ण गारंटी है। हमारे शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में खानपान का रोल सबसे अहम होता है लेकिन लोगों की खानपान की बदलती आदतों और जरूरतों को देखते हुए अब बहुत सारी चीजों को बनाने और उगाने का तरीका भी बदल चुका है, जिनमें अब तरह-तरह के रसायन भी मिलाए जा रहे हैं। ऐसे में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना है, साथ ही खानपान से होने वाले खतरों को रोकना, मिलावटी चीजों का पता लगाना और इनके बारे में लोगों को जागरूक कर उन्हें सेहत के प्रति जागरूक बनाना है। असुरक्षित खाद्य पदार्थ विभिन्न बीमारियों का कारण बनते हैं और अन्य खराब स्वास्थ्य स्थितियों में योगदान करते हैं, जिसमें बिगड़ा हुआ विकास, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, संक्रामक अथवा गैर-संक्रामक रोग और मानसिक बीमारियां शामिल हैं। वैसे खाद्य जनित खतरे रासायनिक अथवा भौतिक प्रकृति के हो सकते हैं और प्रायः साधारण आंखों से दिखाई नहीं देते। दरअसल हमारे भोजन को उगाने, संसाधित करने, संग्रहीत करने, वितरित करने और तैयार करने के लिए कई लोग मिलकर काम करते हैं और इस प्रक्रिया में कई ऐसे चरण होते हैं, जहां हमारा भोजन असुरक्षित हो सकता है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही रहा कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा भोजन खाने के लिए सुरक्षित है। इसीलिए जब खेत में भोजन उगाया जाता है, तब से लेकर जब तक यह हमारी थाली तक पहुंचता है, हमें पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि दूषित भोजन के सेवन से खाद्य जनित बीमारियां होने की संभावना बहुत बढ़ जाती हैं, लेकिन चूंकि भोजन को हम तक पहुंचाने में कई लोग शामिल होते हैं, इसलिए इसे सुरक्षित रखना हमेशा इतना आसान नहीं होता। इसीलिए डब्ल्यूएचओ, एफएओ और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) जैसे संगठन हमारे भोजन को सुरक्षित रखने के लिए कुछ नियम बनाते हैं। बहरहाल, विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस न केवल अच्छे और स्वच्छ भोजन की आदतों की वकालत करता है बल्कि उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने और उन्हें खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें भोजन को हम तक पहुंचाने में इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर अतिरिक्त ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है, जिसका अर्थ है सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भोजन। दुनियाभर में जितने ज्यादा से ज्यादा लोग खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक होंगे, तभी हम अपने भोजन को सुरक्षित रखने के लिए बेहतर कदम उठा सकेंगे और खराब खाने से पनपने वाले खतरे को पहचान और समझ सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मिसाइल डिफेंस रडार से बंद होंगी पाक की गीदड़ भभकियां

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा।**



**अक्षत श्रोत्री**

भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने वाले एक बड़े विकास में, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन DRDO ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जो दुश्मन की परमाणु मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली विकसित की है। ऐसे में ना सिर्फ पाकिस्तान की बलैकमेलिंग बंद होगी बल्कि भारत दुनिया में विश्व गुरु बनने की और अग्रसर होगा। यह नई तकनीक मिसाइलों को जमीन पर पहुंचने से पहले ही बेअसर कर देगी, चाहे वे बाहर हों या वायुमंडल के भीतर। अगर किसी परमाणु मिसाइल को समय रहते रोक दिया जाए, तो इससे विकिरण या परमाणु विस्फोट का खतरा खत्म हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा। बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम एक बहुस्तरीय रक्षा तंत्र है जिसमें दो मुख्य घटक होते हैं। पहला स्तर पृथ्वी एयर डिफेंस PAD है। यह मिसाइल 50-80 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट कर सकती है। दूसरा उन्नत वायु रक्षा AAD है। यह मिसाइल 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को रोककर नष्ट कर सकती है। उन्नत रक्षा क्षमता: बीएमडी प्रणाली भारत की रक्षा स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करती है। निवारण- यह दुश्मन को हमला करने से पहले दो बार सोचने पर मजबूर करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा- बीएमडी प्रणाली देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बढ़ाती है। लक्ष्य का पता लगाना- रडार और अन्य सेंसर दुश्मन की आने वाली मिसाइलों का पता लगाते हैं। लक्ष्य ट्रैकिंग और जानकारी- मिशन कंट्रोल सेंटर लक्ष्य की जानकारी प्राप्त करता है और इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च करने के लिए तैयार होता है। इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च-इंटरसेप्टर मिसाइल को लक्ष्य की ओर लॉन्च किया जाता है। लक्ष्य विनाश- इंटरसेप्टर मिसाइल आने वाले खतरे को बेअसर कर देती है। देश की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इंटरसेप्टर मिसाइल AD-1, 3,000 से 5,000 किलोमीटर की रेंज वाली दुश्मन की मिसाइलों को उनके टर्मिनल चरण (अंतिम चरण) में भी नष्ट करने में सक्षम है। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि यदि कोई बैलिस्टिक मिसाइल भारत की ओर बढ़ रही है, तो AD-1 उसे वायुमंडल में ही बेअसर कर सकता है -इससे पहले कि वह जमीन को छू सके।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नए चेहरे



**ललित गर्ग**

सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बंटोरने के लिए जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नए संकेत दे रही है, क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नए किरदार में नजर आए हैं। थरूर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई। विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल



रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं, लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं, क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था-मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा-जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं यह सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं। बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गए अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं। उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ए अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि कृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परमाणु हमला अब नामुमकिन, भारत की मिसाइल ढाल तैयार

**नई दिल्ली।** भारत की रक्षा ताकत अब और भी मजबूत हो गई है। डीआरडीओने अब ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे दुश्मन की न्यूक्लियर मिसाइलों को हवा में ही नष्ट किया जा सकता है।

डिफेंस सूत्रों के मुताबिक भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) प्रणाली तैयार की है। यह तकनीक मिसाइलों को धरती तक पहुंचने से पहले ही खत्म कर सकती है चाहे वो वायुमंडल के बाहर हों या अंदर। अगर न्यूक्लियर मिसाइल को पहले ही मार गिराया

**दुश्मन के मंसूबों को नाकाम करेगा बीएमडी सिस्टम, स्वदेशी तकनीक का कमाल**

जाए तो उससे रेडिएशन या परमाणु धमाके का खतरा नहीं रहता। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने अपने बनाए हथियारों और तकनीक की ताकत दिखाई। इस ऑपरेशन में भारत ने अपने ही बनाए मिसाइल सिस्टम, रडार, और ड्रोन-विरोधी हथियारों का इस्तेमाल किया और दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन अटैक को विफल कर दिया।

भारत कई मौकों पर कह चुका है कि वह अब पाकिस्तान के परमाणु हमले की धमकी के ब्लैकमेल को तवज्जो नहीं देगा क्योंकि डीआरडीओने इस तरह के हमलों से निपटने की व्यवस्था कर दी है।





अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com













